www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 33 ||अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
24 अप्रैल 2026||पृष्ठः 08||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:35
सूर्यास्तः 06:35
अधिकतमः 42°00
न्यूनतमः 27°00



पेज 07

विशेष समाचार प्रगति बनाम प्रकृतिः हमारे... >> पेज 04 | ट्रेलर ने पति-पत्नी और... >>पेज 06

# बंगाल में रिकॉर्डतोड़ मतदान

## विधानसभा चुनावः दोनों राज्यों के इतिहास में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई

वोटिंग



दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ा-कर पीटा।

**91%** से अधिक वोटिंग बंगाल में पहले चरण में

**85%** करीब मतदान तमिलनाडु में



- सिलीगुड़ी के एक मतदान केंद्र पर वोटिंग खत्म होने के बाद पोलिंग अधिकारी ईवीएम मशीनों को सील करते हुए नजर आए।
- बंगाल और तमिलनाडु में शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हो गई है। बंगाल की 152 सीटों पर 89.93% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 82.24% वोटिंग हुई।

### टीएमसी नेता कुणाल घोष बोले- वोट प्रतिशत हमारी जीत का संकेत

TMC नेता कुणाल घोष ने कहा, वोटों के इस प्रतिशत की उम्मीद थी। कुछ असली वोटरों के नाम हटा दिए गए और उन्हें बाहर कर दिया गया। यह चुनाव ममता बनर्जी के पक्ष में है और भाजपा की 'बंगाल-विरोधी' नीतियों के खिलाफ है। 152 सीटों में से हम कम से कम 125 सीटें जीतने जा रहे हैं, यह आंकड़ा 133 से 135 तक भी जा सकता है। इसलिए यह जीत का एक स्पष्ट संकेत है।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार बोले- दोनों राज्यों के हर मतदाता को सलाम

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, "आजादी के बाद से पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत दर्ज हुआ है। चुनाव आयोग दोनों राज्यों के हर मतदाता को सलाम करता है।"

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता/चेन्नई । पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.46% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 84.41% वोटिंग हुई।

दोनों राज्यों के इतिहास में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 7 बजे तक हैं। इनमें बदलाव हो सकता है। ममता ने वोटिंग के बाद कहा- बंगाल की जनता ने SIR के खिलाफ बंपर वोटिंग की है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि TMC का सूरज ढल चुका है।

इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91%, पुडुचेरी में 90% और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27% वोटिंग हुई थी। पाचों राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट



सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया।

पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए।

बीरभूम के बोधपुर गांव में EVM खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)

ममता बोलीं- एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग

### बीरभूम में ईवीएम खराब, लोगों ने सीआरपीएफ पर पथराव किया

बीरभूम के बोधपुर गांव में लोगों पर सेंट्रल फोर्स पर हमला करने का आरोप है। यहां के पोलिंग बूथ पर EVM खराब होने के बाद वोटर्स और पुलिस के बीच बहस हो गई। इसके बाद लोगों ने सेंट्रल फोर्स पर पथराव किया और पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। घटना में सेंट्रल फोर्स के जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया।



### शाह बोले- तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका है

बंगाल में वोटिंग खत्म होने के बाद अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक वीडियो शेयर किया है। हेलिकॉप्टर से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में ढलता हुआ सूरज दिख रहा है। शाह ने कैप्शन में लिखा- तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका है।



### छात्रों से 4 प्रतिशत ज्यादा बंदियों का रिजल्ट

जेल में बंद 135 कैदियों ने परीक्षा दी। इनमें से 114 पास हुए हैं। इनका पासिंग परसेंटेज 84.44 प्रतिशत रहा। 30 जेलों में से 27 जेलों के बंदियों ने परीक्षा दी थी। मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, रामपुर, उन्नाव, कानपुर, फर्रुखाबाद, इटावा, हमीरपुर, जौनपुर और भदोही का रिजल्ट 100 फीसदी रहा है। सबसे खराब रिजल्ट हरदोई जेल का रहा। यहां 2 बंदियों ने परीक्षा दी थी। दोनों फेल हो गए।

प्रदेश के सभी जिलों में लखनऊ का रिजल्ट का सबसे बेहतर आया है। यहां 89.17% परीक्षार्थी पास हुए हैं। सबसे खराब प्रदर्शन देवरिया का रहा। यहां कुल स्टूडेंट्स में से 66.82% पास हो पाए हैं।

# यूपी बोर्ड : परिणाम जारी

## सीतापुर की शिखा वर्मा 12वीं की टॉपर, पिता किसान

## सीतापुर की कशिश वर्मा ने 10वीं में यूपी टॉप किया।



### शिखा का स्कूल में सम्मान, मां ने दही चीनी खिलाई

स्टेट टॉपर शिखा वर्मा को सभी 5 विषयों में डिस्टिंक्शन मिला है। हिंदी में 97, अंग्रेजी में 95, गणित में 100, फिजिक्स में 99 और केमेस्ट्री में 99 नंबर हासिल किए हैं। 500 में से 488 नंबर पाकर यूपी को टॉप किया है।



रिजल्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज,सीतापुर । यूपी बोर्ड का रिजल्ट गुरुवार शाम 4 बजे जारी कर दिया गया। 12वीं में 80.38% स्टूडेंट पास हुए हैं। सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत नंबरों के साथ यूपी टॉप किया है। शिखा के पिता जितेंद्र कुमार किसान और मां कांति देवी गृहिणी हैं। शिखा इनकम टैक्स अफसर बनना चाहती हैं।

दूसरे नंबर पर बरेली की नंदनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रिया वर्मा रहीं। दोनों के 97.20 फीसदी नंबर हैं। तीसरे स्थान पर भी दो छात्राएं हैं।

### 12वीं में 23.54 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के आंकड़ों के अनुसार, 2026 में 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 24 लाख 79 हजार 352 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

सभी 75 जिलों में 8033 केंद्रों पर 18 फरवरी से शुरू हुईं। दो पालियों में परीक्षा हुई। 12 मार्च को परीक्षा समाप्त हुई। इंटरमीडिएट के 1.26 लाख छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। 23.54 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### शिक्षक बनना चाहती हैं कशिश

कशिश ने बताया कि उनके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मां गृहिणी हैं। वह बीमार रहती हैं। पिता किसान पुतान खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। वह हमेशा उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। हमेशा उनका हौसला बढ़ाते हैं।

बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल को 97 फीसदी नंबर मिले हैं। सुरभि के पिता की फर्नीचर की शॉप है।

>> (शेष पेज 06 पर)

फास्ट न्यूज

### 149 दिन बाद खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

चमोली। चारधाम यात्रा के पांचवें दिन आज चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिवत रूप से खोल दिए गए हैं। सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर मंदिर के द्वार खुलते ही सबसे पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी और उनके बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भगवान के दर्शन किए।

निर्देश कार्यवाही

### जज से बहस वाले वीडियो पर केजरीवाल को नोटिस

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को पूर्व CM अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। याचिका बिना इजाजत कोर्ट की कार्यवाही रिकॉर्ड करने और उसे सोशल मीडिया पर सर्कुलेट करने को लेकर है। कोर्ट ने सभी वीडियो डिलीट करने और लिंक हटाने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज एजेंसी PTI की रिपोर्ट के मुताबिक याचिका एडवोकेट वैभव सिंह ने लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल, सिसोदिया, पत्रकार रवीश कुमार और अन्य के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

### पाकिस्तान से मिले गैंग को ऑर्डर

कोटा। कोटा में साइबर ठगी नेटवर्क का पाकिस्तानी कनेक्शन भी मिला है। नेटवर्क का सरगना मोहम्मद अमजद पाकिस्तान हैंडलर से ऑर्डर ले रहा था। अमजद (21) इंजीनियरिंग स्टूडेंट है और करीब डेढ़ साल से ठगी नेटवर्क से जुड़ा है। जांच एजेंसियों के अनुसार अमजद के तीन साथी उसे बैंक अकाउंट उपलब्ध करवाते थे।

# 'इस्लाम में महिलाओं के मस्जिद आने पर रोक नहीं'

## बेहतर ये कि वे घर पर ही इबादत करें

सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कोर्ट से कहा कि इस्लाम महिलाओं को नमाज के लिए मस्जिद आने से नहीं रोकता है, लेकिन यह बेहतर है कि वे घर पर ही इबादत करें। AIMPLB की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एम.आर. शमशाद ने CJI सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-जजों की संविधान बेंच को बताया कि महिलाओं को कुछ नियमों के अधीन मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति है।

>> (शेष पेज 06 पर)



- सबरीमाला केस में याचिकाकर्ता की दलील
- सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री को लेकर एससी में सुनवाई चल रही है।

## ट्रम्प बोले होर्मुज हमारे नियंत्रण में, परमिशन के बिना कोई भी जहाज यहां से निकल नहीं सकता

# 'होर्मुज में माइन बिछा रहे जहाजों को तबाह करें'

आदेश

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैंने अमेरिकी नेवी को आदेश दिया कि होर्मुज में बारूदी सुरंगें (माइन) बिछा रहे छोटे से छोटे जहाजों को बिना हिचकिचाहट तबाह कर दिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि बारूदी सुरंग हटाने वाले उनके जहाज स्ट्रेट को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस काम को तीन गुना तेजी से करने का आदेश दिया है। दूसरे पोस्ट में उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह अमेरिका के नियंत्रण में है। अमेरिकी नेवी की परमिशन के बिना कोई भी जहाज यहां से निकल नहीं सकता है। जब तक ईरान किसी समझौते पर नहीं आता, तब तक स्ट्रेट पूरी तरह बंद रहेगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान को यह समझने में बहुत मुश्किल हो रही है कि उनका नेता कौन है। ईरान युद्ध में बुरी तरह हार रहा है।

>> (शेष 06 पर)





**तेल पर छूट बढ़ीः** अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद पर लगी पाबंदियों में दी गई छूट को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला करीब 10 देशों की मांग पर लिया गया है, जो तेल की कमी का सामना कर सकते हैं।

**ट्रम्प का एकतरफा सीजफायरः** अमेरिका ने पाकिस्तान की अपील पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ाया गया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान में इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है।

### युद्ध लंबा खिंचने की आशंका से तेल महंगा

मिडिल ईस्ट में युद्ध लंबा चलने की आशंका के बीच तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रेंट क्रूड करीब 1.9% बढ़कर लगभग 104 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। यह लगातार चौथे दिन बढ़ा।

>> (शेष पेज 06 पर)

## मोदी का रोड-शो : मोदी ने कहा कि जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा

# 'भाजपा का भरोसा जीतेगा'

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में गुरुवार को 152 सीटों पर वोटिंग हुई तो 142 सीटों पर चुनाव प्रचार चलता रहा। पीएम मोदी ने कृष्णानगर और मथुरापुर में जनसभा की और हावड़ा में रोड शो किया।

मोदी ने कहा कि जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। TMC हारेगी और भाजपा का भरोसा जीतेगा। अब का मतदान सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुगली के बालागढ़ में कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनते



ही घुसपैठ पूरी तरह बंद कर दी जाएगी और जो घुसपैठिए यहां रह रहे हैं, उन्हें चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा हैं और बंगाल के युवाओं के हक की नौकरियां व गरीबों का राशन छीन रहे हैं।

बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे फेज की 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। 2021 के विधानसभा चुनावों में 142 में से 114 पर TMC को जीत मिली थी, वहीं भाजपा को 27 सीटें मिली थीं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### प्रधानमंत्री की रैली के बाद टीएमसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा- न आए हो, न आओगे

जिस वक्त मोदी हावड़ा में रोड शो कर रहे थे, उसी वक्त मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर में रोड शो किया। ममता यहीं से विधायक हैं। भवानीपुर में 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यहां से सुवेंदु अधिकारी भाजपा प्रत्याशी हैं।



टीएमसी का बीजेपी को जवाब- न आए हो न आओगे; भवानीपुर में ममता की पदयात्रा

# ओडिशा में गर्मी के चलते दोपहर में जनगणना रोकी

## राजस्थान- यूपी में सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा

सतर्क

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40C से 45C के बीच बना हुआ है।

महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा बुधवार को 44.6C तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं देश के 16 शहरों में पारा 43C से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यानी फील्ड स्टाफ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के दौरान सड़कों पर नहीं भटकेंगे।

राजस्थान और यूपी में ठंडक के लिए सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा है। बीकानेर, ग्वालियर के जू में जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)




- देश के 16 शहरों में पारा 43डिग्री सिल्सियस के पार

## 22 पदों पर जोर आजमाइश, वकील बोले- बिना प्रैक्टिस वाले भी लड़ रहे

# बार एसोसिएशन चुनाव 116 प्रत्याशी मैदान में

वोटिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ बार एसोसिएशन का आज वार्षिक चुनाव है। इसमें पहली बार महिला आरक्षण लागू किया गया है। 22 पदों के लिए 116 प्रत्याशी मैदान में हैं। कैसरबाग स्थित एसोसिएशन के परिसर में 3700 से ज्यादा वकील वोट डालने पहुंचे हुए हैं। कई वकीलों का कहना है कि प्रैक्टिस न करने वाले भी चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार के चुनाव में महिलाओं के लिए कोषाध्यक्ष समेत कुल सात पद आरक्षित किए गए हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए चार महिला उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह पदों में तीन-तीन सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित रखी गई हैं। उम्मीदवार रणजीत सिंह भदौरिया ने कहा कि कि इस बार कार्यकारणी जो जीतेगी वो वकील हित में ही काम करेगी। नॉनप्रैक्टिशनर की एंट्री नहीं होगी।



### शशि प्रभा बोलीं- महिलाओं के लिए अब भी सुविधाएं नहीं

संयुक्त मंत्री पद की प्रत्याशी शशि प्रभा ने कहा- महिलाओं के लिए अब भी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। हमें महिला नहीं, बल्कि अपनी बहन-बेटी समझा जाए। कहा जाता है कि आधी आबादी हैं लेकिन हमें सुविधाएं तो एक-चौथाई भी नहीं मिल रही हैं।

### 3800 मतदाता करेंगे मतदान

बार एसोसिएशन के इस चुनाव में करीब 3800 अधिवक्ता मतदाता सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को लेकर बार परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बार एसोसिएशन ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस और पीएसी की तैनाती की मांग की है। एल्डर कमेटी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी प्रत्याशी या समर्थक मतदान स्थल पर हथियार लेकर प्रवेश नहीं करेगा।



वोटिंग के दौरान भी अपने प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### सुधा बोलीं- यहां आरक्षण पूरी तरह नहीं लागू हुआ

वकील सुधा गुप्ता ने कहा कि आरक्षण लागू हुआ, इसके समर्थन में हूं। यहां पूरी तरह से आरक्षण लागू नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश थे कि आरक्षण संयुक्त पदों के लिए भी लागू किया जाए लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ।

# राशन गोदाम में भीषण आग

## 2 किमी दूर से दिख रहा धुआं, 3 फायर ब्रिगेड गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं

तमसा संकेत, एजेंसी





लखनऊ। लखनऊ के मड़ियांव इलाके में गुरुवार को राशन गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए। तेज लपटें और धुआं 2 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा है। फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया-आग लगते ही गोदाम के कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि उन पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इसके बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

पराग डेयरी में लोहे के एंगल को काटते समय उठी चिंगारीः हजरतगंज थाना क्षेत्र में पराग डेयरी परिसर में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग लोहे के एंगल को काटते वक्त उठी चिंगारी से लगी। जिसके बाद उसने अपनी गिरफ्त में डीजल पाइप को ले लिया। देखते देखते आग परिसर में फैल गई। ठेकेदारों ने पहले आग को खुद से कंट्रोल करने की कोशिश की, नहीं बुझने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां तैनात रहीं।

### लोगों ने खुद संभाली कमान

केशव नगर की संकरी गलियों के कारण दमकल की गाड़ियों को अंदर तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इससे आग बुझाने में शुरुआती देरी हुई और लपटें तेजी से फैलती चली गईं। फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि आग से कई घरों और सामान के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग किन कारणों से लगी, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या सिलेंडर लीक की वजह से हादसा हुआ है।

## फास्ट न्यूज

### बच्चों के फोन की लत से परेशान महिला का सुसाइड

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार में बुधवार शाम एक महिला ने अपने दो बच्चों की आदतों से आजिज आकर आत्महत्या कर ली। घर से निकलकर हुसड़िया रेलवे ब्रिज से कूद गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में महिला को लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोमतीनगर विस्तार के इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी के मुताबिक, शाम करीब 6:30 बजे महिला के पुल से कूदने की सूचना मिली थी।

### गोमतीनगर में पेड़ से भिड़ी स्कूली वैन

लखनऊ। लखनऊ के गोमती-नगर इलाके में स्कूल की वैन पेड़ से टकरा गई। इस घटना में सैंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज हजरतगंज के तीन बच्चे घायल हो गए। तीनों घर से स्कूल के लिए जा रहे थे। वैन ड्राइवर के कंट्रोल से बाहर हो गई और सीधे जाकर पेड़ से भिड़ गई। इसमें ड्राइवर भी घायल हुआ। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 6:30 इको गाड़ी सैंट फ्रांसिस के बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। तभी चालक भूपेंद्र सिंह अचानक गाड़ी लेकर अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकरा गया।

### लखनऊ मेयर और गाजीपुर पत्थरबाजी के खिलाफ प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मेयर सुषमा खर्कवाल और गाजीपुर जिले में पत्थरबाजी के खिलाफ प्रदर्शन किया। गुरुवार दोपहर हजरतगंज चौराहे पर जमा होकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। उनका कहना था कि समाजवादी पार्टी महिलाओं के सम्मान की लड़ाई लड़ रही है।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री के बैग से 26 कारतूस मिले

तमसा संकेत, एजेंसी



■ हिरासत में लेकर पूछताछ, लाइसेंस दिखाने पर छोड़ा बुलेट जब्त किए

लखनऊ । लखनऊ के चौधरी चरण सिंह (अमौसी) एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एक यात्री के बैग से 26 कारतूस बरामद हुए। सुरक्षा जांच के दौरान यह कारतूस मिलने से एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने यात्री को हिरासत में लेकर सरोजनी नगर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, बांदा जिले के आम बाग के रहने वाले संजीव अवस्थी गुरुवार सुबह 9:10 बजे इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 2146) से दिल्ली जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। सुरक्षा जांच के दौरान उनके बैग में 0.32 बोर रिवाल्वर के 18 और 30.06 एमएम राइफल के 8 कारतूस मिले। सीआईएसएफ ने संजीव अवस्थी को हिरासत में लिया और बाद में सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। थाने पर संजीव ने अपने दोनों शस्त्रों के लाइसेंस प्रस्तुत किए। लाइसेंस की पुष्टि के बाद पुलिस ने बरामद कारतूस जब्त कर उन्हें जाने दिया। पुलिस पूछताछ में यात्री संजीव ने बताया कि कारतूस गलती से बैग में रह गए थे। इस घटना के कारण संजीव की दिल्ली जाने वाली उड़ान छूट गई। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कहा- साथी डॉक्टर ने प्रताड़ित कर धमकाया, बदनाम किया, एफआईआर दर्ज

# एसजीपीजीआई महिला रेजिडेंट का साथी डॉक्टर ने यौन शोषण किया

> पीड़िता के अनुसार नवंबर 2023 में दोनों के बीच पढ़ाई के दौरान दोस्ती हुई, जो धीरे-धीरे गहरे रिश्ते में बदल गई। सचिन ने शादी का भरोसा दिलाकर उसके करीबियां बढ़ाईं। इसी भरोसे में वह उसके साथ रही, लेकिन यह रिश्ता अगस्त 2024 आते-आते उसके लिए मानसिक और शारीरिक पीड़ा का कारण बन गया।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । SGPGI लखनऊ की रेजिडेंट डॉक्टर ने साथी डॉक्टर पर यौन शोषण और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज कराई है। मामले में पीड़ित महिला रेजिडेंट डॉक्टर की तहरीर पर SGPGI थाने में BNS की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़िता का आरोप है कि पहले आरोपी ने झांसा देकर उसके साथ शारीरिक बनाए और गर्भनिरोधक गोलियां खिलाईं। जब पीड़िता ने उसकी बात नहीं मानी तो आरोपी ने उसका शोषण करना शुरू कर दिया। उसे धमकी दी और उसकी बदनामी करने लगा। जिसके चलते पीड़िता मानसिक अवसाद में चली गई। लंबी लड़ाई और कई दरवाजे खटखटाने के बाद आखिरकार उसकी आवाज सुनी गई।



पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे कई बार शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। संस्थान के हॉस्टल, विभाग, होटल और कार तक में उसका यौन शोषण किया। इतना ही नहीं, उसे जबरन नशा कराया गया और गर्भनिरोधक गोलियां भी दी जाती रहीं। जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी पीछे हट गया। उसने दूरी बनानी शुरू कर दी और अन्य लड़कियों से नजदीकियां बढ़ा लीं। विरोध करने पर पीड़िता को ही विभाग में बदनाम किया जाने लगा। इस सबके बीच वह मानसिक रूप से टूट गई और एक बार हॉस्टल में ही आत्महत्या का प्रयास भी किया, लेकिन आसपास के लोगों ने समय रहते बचा लिया।

### हर दरवाजे पर दी दस्तक, फिर भी देर से मिला न्याय

पीड़िता ने 24 फरवरी को पुलिस से शिकायत की। इसके बाद 16 मार्च को विशाखा कमेटी, 24 मार्च को वन स्टॉप सेंटर और 30 मार्च को महिला आयोग में गुहार लगाई, लेकिन उसे सिर्फ इंतजार ही मिला। दो महीनों की जद्दोजहद के बाद मंगलवार रात मामला दर्ज किया गया।

### दर-दर भटकने को थी मजबूर

पश्चिम बंगाल की मूल निवासी महिला रेजिडेंट (एमडी छात्रा) मौजूदा समय SGPGI के हॉस्टल में रहती हैं। पुलिस को दी तहरीर में उसने लिखा है कि उसके एक साथी रेजिडेंट डॉक्टर द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण किया गया। पीड़िया न्याय के लिए दो महीने से भटक रही थी आख़िरकार मंगलवार रात पुलिस ने आरोपी डॉक्टर दिल्ली नागलोई निवासी सचिन गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन वह अभी फरार है।

## उत्तर भारत के 9 राज्यों की भागीदारी के साथ कृषि विकास और किसान आय वृद्धि पर तैयार होगी ठोस कार्ययोजना

# किसानों की समृद्धि का खुलेगा मार्ग

■ दलहन, तिलहन और डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान करेंगे मंथन

■ विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में उत्तर क्षेत्रीय सम्मेलन एक मार्गदर्शक पहल



जोनल एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस आज

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को मीडिया सेंटर, लोक भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2026 को लखनऊ में आयोजित किए जाने वाले जोनल कॉन्फ्रेंस-2026 के संबंध में प्रेस वार्ता की। कृषि मंत्री श्री शाही ने बताया कि उत्तर भारत सम्पूर्ण देश के खाद्य सुरक्षा का आधार है और इसे नई दिशा देने तथा किसानों को मजबूत करने हेतु केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर 24 अप्रैल को लखनऊ में उत्तर क्षेत्रीय सम्मेलन (जोनल एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेन्स) का आयोजन होने जा रहा है। यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान, दिल्ली और चण्डीगढ़ जैसे 9 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी के साथ आयोजित होगा, जो देश के गेहूं, धान, गन्ना, दूध, फल और सब्जियों के उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। यह आयोजन केंद्र सरकार के साझा जिम्मेदारी और साझा समाधान के मॉडल पर आधारित है, जिसका उद्देश्य खेती, तकनीक, विपणन और कृषि अवसंरचना से जुड़े मुद्दों पर एक ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। सम्मेलन में राज्यों के प्रतिनिधि अपनी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का प्रस्तुतिकरण करेंगे, जिसमें उत्तर प्रदेश द्वारा गन्ने के साथ अंतरफसली खेती और 'डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस' (DSR) तकनीक, हरियाणा द्वारा 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल, पंजाब द्वारा धान से फसल विविधीकरण तथा पहाड़ी राज्यों द्वारा बागवानी क्षेत्र की उपलब्धियों को साझा किया जाएगा।

### सम्मेलन का उद्घाटन शिवराज सिंह चौहान करेंगे

सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा और इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी भी अपना संबोधन देंगे। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें प्रमुख कृषि योजनाओं और भविष्य की रणनीतियों पर विषयवार विस्तृत चर्चा होगी। चर्चा के मुख्य बिंदुओं में कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (AIF), आत्मनिर्भर भारत के तहत दलहन मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन और डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। इसके साथ ही उर्वरकों की उपलब्धता, उनके संतुलित उपयोग और कालाबाजारी पर नियंत्रण जैसे जमीनी मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा।

# लखनऊ के चिड़ियाघर में जानवरों के लिए 'कूल डाइट'

## गोरिल्ला खा रहा तरबूज, भालू को दिया जा रहा खीरा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । गोरिल्ला तरबूज खा रहा है तो, भालू खीरा। लखनऊ चिड़ियाघर में जानवरों को 42 डिग्री टेंपरेचर में राहत देने के लिए बर्फ की सिल्लियां लगाई गई हैं। लखनऊ में पड़ रही भीषण गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि बेजुबानों पर भी साफ दिख रहा है।

ऐसे में नवाब वाजिद अली शाह चिड़ियाघर में प्रशासन ने जानवरों के लिए खास इंतजाम किए हैं। जानवरों को राहत देने के लिए साफ पानी और कूलर की व्यवस्था की गई है। खाने के लिए फल, और ताजी सब्जियों को उनके डाइट में शामिल किया गया है। पक्षियों को पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था की गई है। खास तौर पर चिड़ियाघर में कुल 48 स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जो फव्वारे की तरह पानी का छिड़काव कर बाड़ों को ठंडा रखते हैं और जानवरों को राहत पहुंचाते हैं। चिड़ियाघर में बने तालाबों की मरम्मत कर उनमें ठंडा पानी भरा गया है, ताकि जानवर उसमें स्नान कर सकें। पक्षियों के लिए विशेष रूप से हरे पर्दे लगाए गए हैं, जिससे उन्हें तेज धूप और गर्मी से बचाया जा सके। इसके अलावा, पक्षियों के कवर्ड बाड़ों में छप्पर और नरकुल बिछाए गए हैं, जिससे अंदर का तापमान कंट्रोल रहे। बड़े जानवरों के लिए हर जगह पर्याप्त पानी की व्यवस्था की गई है। वहीं, टाइगर और लायन जैसे जानवरों के लिए कूलर लगाए गए हैं।

## जांच : 2 सहयोगी के नाम सामने आए, लारी कार्डियोलॉजी में करते थे ब्रेनवॉश

# केजीएमयू के कई डिपार्टमेंट में फर्जी डॉक्टर की गहरी पैठ

> लारी कार्डियोलॉजी में साल 2023 में डीएम कार्डियोलॉजी करके निकले डॉ.तनवीर अहमद की जांच भी केजीएमयू प्रशासन की तरफ से शुरु की गई है। मौजूदा समय नक्खास इलाके में उसकी क्लीनिक बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि हस्साम के मेडिकल कैम्प में ये जरूर शामिल होते थे।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। KGMU में पकड़े गए 12वीं पास फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद की जड़ें कैंपस के कई विभागों तक फैली हैं। लारी कार्डियोलॉजी में उसकी सबसे ज्यादा पकड़ थी। यहीं के एक फैक अहमद मंसूरी नाम के कार्डियक टेक्नीशियन को कार्डियो सेवा फाउंडेशन का को-फाउंडर भी बताया जा रहा है।

इसके अलावा कुछ साल पहले डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर चुके डॉक्टर से उसकी ट्यूनिंग बताई जा रही है। आशंका ये भी है कि लारी कार्डियोलॉजी से ही ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण और लव जेहाद का खेल शुरू होता था। जो आगे चलकर ऑर्थो और सर्जरी जैसे कई बड़े विभागों तक फैला हुआ था।



■ KGMU प्रशासन ने मंगलवार को हस्साम अहमद को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

इसके अलावा कुछ वर्ष पूर्व डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर चुके एक डॉक्टर के साथ भी आरोपी की करीबी होने की बात कही जा रही है। पुलिस और प्रशासन यह पता लगाने में जुटे हैं कि इन संपर्कों का स्वरूप क्या था? पुलिस और KGMU प्रशासन की पूछताछ में ब्रेनवॉश, धर्मांतरण जैसे गंभीर दावे शामिल हैं। हालांकि अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि तथ्यों के आधार पर ही निष्कर्ष निकाले जाएंगे। KGMU प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। कहा है कि यदि किसी भी कर्मचारी या छात्र की संलिप्तता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच बुधवार को KGMU परिसर में मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए स्पेशल रीच प्रोग्राम यानी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

### दो करीबियों की हुई पहचान

आरोपी के प्रभाव और संपर्कों को लेकर जांच एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। LARI में साल 2023 बैच के कार्डियक टेक्नीशियन प्रोग्राम के स्टूडेंट फैक अहमद मंसूरी को 12वीं पास फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद का बेहद करीबी बताया जा रहा है। वो हस्साम की NGO कार्डियो सेवा का 'को-फाउंडर' भी है। हस्साम से लिंक सामने आने के बाद उसके फाइनल सेमेस्टर का रिजल्ट रोककर उसकी डिटेल मांगी गई है। डॉ. केके सिंह ने बताया कि मेडिकल काउंसिल से उसका रिजल्ट होल्ड करा दिया गया है। उसकी सारी डिटेल्स मंगाकर गहन जांच की जा रही है।

# दूसरी उड़ान से 430 हज यात्रियों का हुआ प्रस्थान

## प्रदेश के विभिन्न जिलों से श्रद्धालुओं की बढ़ती भागीदारी

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । हज-2026 के अंतर्गत हज यात्रियों के प्रस्थान का क्रम सुचारु रूप से जारी है। इसी क्रम में लखनऊ उड़ान स्थल से दूसरी उड़ान संख्या एक्स0वाई0-8044 दिनांक 23 अप्रैल 2026 को रवाना हुई, जिसमें कुल 430 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर गए। इन यात्रियों में 222 पुरुष एवं 208 महिलाएं शामिल हैं।

इस उड़ान में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में हज यात्री सम्मिलित हुए, जिनमें सर्वाधिक वाराणसी से 74, लखनऊ से 58, कानपुर नगर से 53 तथा बहराइच से 42 यात्री शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बिहार राज्य के 06 हज यात्री भी इसी उड़ान से रवाना हुए। हज यात्रियों की यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। यात्रियों की सहायता हेतु तीन स्टेट हज इंस्पेक्टर-श्री ज़हीरुल इस्लाम (कानपुर नगर), श्री मेराज रसूल (लखनऊ) एवं श्री मेराजुल इस्लाम (मऊ)-को इस उड़ान के साथ भेजा गया है। इसी दिन, दिल्ली उड़ान स्थल से भी सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एस0वी0- 5901 के माध्यम से 253 हज यात्री मदीना के लिए रवाना हुए, जिनमें 135 पुरुष एवं 118 महिलाएं शामिल हैं। दिल्ली से रवाना होने वाले यात्रियों में मुरादाबाद के 54, गाजियाबाद के 31 तथा हापुड़ के 25 यात्री प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन यात्रियों की सहायता के लिए स्टेट हज इंस्पेक्टर श्री दानिश (सम्भल) को तैनात किया गया है। अब तक उत्तर प्रदेश से हज-2026 के अंतर्गत दिल्ली से 2768 तथा मुंबई से 52 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु कुल 25 स्टेट हज इंस्पेक्टर तैनात किए जा चुके हैं। प्रदेश सरकार द्वारा हज यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनकी यात्रा को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे सभी श्रद्धालु अपनी पवित्र यात्रा सुगमता से पूर्ण कर सकें।



## 25 से 27 अप्रैल तक 9 केंद्रों पर होगी परीक्षा, तैयारियों की समीक्षा बैठक

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**तैयारी**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक समेत सेक्टर, जोनल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परीक्षार्थियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त रखने को कहा गया।

कार्यदायी संस्था के जिला प्रबंधक ने बैठक के दौरान अधिकारियों और परीक्षा कार्मिकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इसमें परीक्षा संचालन से जुड़े सभी नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। उद्देश्य यह रहा कि परीक्षा बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराई जा सके।

पुलिस विभाग को परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

### 9 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में होगी परीक्षा

अपर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित होगी। जिले के कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी।

पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। सभी केंद्रों पर समय का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य

बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन करें। हर स्तर पर नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अधिकारियों से कहा गया कि वे अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संचालित करने पर जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कहा गया कि सभी अधिकारी मिलकर परीक्षा को सफल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराएं।

# प्रदेश में 7,700 गोशालाएं संचालित 16 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित

## अकबरपुर सर्किट हाउस में गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष ने दी जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बृहस्पतिवार को अकबरपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने प्रदेश सरकार की ओर से गोवंश संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में गोवंशों के संरक्षण और देखभाल के लिए व्यापक स्तर पर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में गोवंशों के वध पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू है। इस दिशा में सरकार सख्ती से कानून का पालन करा रही है। उन्होंने कहा कि गोवंशों की सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के सभी लोगों की भी भागीदारी जरूरी है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में करीब 7,700 गोशालाएं संचालित हो रही हैं। इन गोशालाओं में 16 लाख से अधिक गोवंशों को संरक्षित किया गया है। इनकी देखभाल और भरण-पोषण के लिए नियमित व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि गोवंशों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।



उन्होंने बताया कि निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए सरकार की ओर से 50 रुपये प्रति गोवंश की दर से धनराशि दी जा रही है। इस योजना से गोपालकों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है। इसके साथ ही पशुपालन से जुड़े लोगों की आय में भी वृद्धि देखी जा रही है। इस मौके पर गोसेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

**महेश कुमार शुक्ल ने कहा कि बढ़ते तापमान को देखते हुए पशुपालन विभाग को विशेष निर्देश दिए गए हैं। गोशालाओं में गोवंशों को गर्मी से बचाने के लिए आवश्यक इंतजाम करने को कहा गया है। इसमें छाया, पानी और अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।**

**फास्ट न्यूज**

### थाने में युवक से कथित मारपीट पर तीन सिपाही लाइन हाजिर

अंबेडकरनगर । राजेसुल्तानपुर थाने में युवक के साथ कथित थर्ड डिग्री टॉर्चर के मामले में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। प्राथमिक जांच के आधार पर तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार देवरिया बुजुर्ग निवासी अंकित तिवारी को राजेसुल्तानपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मिली शिकायत के आधार पर सोमवार को हिरासत में लिया था। शिकायत गाली-गलौज से जुड़ी बताई गई।

### तलाक के बाद विवाहिता को बंधक बनाकर जलाने की कोशिश का आरोप

अंबेडकरनगर । जैतपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता को तलाक के बाद बंधक बनाकर जिंदा जलाने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, ननद और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता तबस्सुम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 18 फरवरी 2018 को शाहे आलम के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष 10 लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा।

### जाम में फंसकर देर से पहुंचे छात्र

अंबेडकरनगर । जिला मुख्यालय स्थित सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में ट्रैफिक जाम के कारण देर से पहुंचने वाले छात्रों को दंडित किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल देर से पहुंचने पर छात्रों की डायरी में पनिशमेंट नोट लिखा जा रहा है। विद्यालय ओवरब्रिज के नीचे स्थित है। सुबह करीब 7 बजे स्कूल का समय होता है। इसी समय रोडवेज बसों, ई-रिक्शा और निजी वाहनों की वजह से भीषण जाम लग जाता है।

## ल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलबीइंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के क्रम में हुआ।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और तनाव व अवसाद से निपटने के उपायों की जानकारी देना था।

मानसिक विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक तनाव और नकारात्मक सोच की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही संवाद और मार्गदर्शन से आत्महत्या जैसी गंभीर प्रवृत्तियों को रोका जा सकता है।

डॉ. पारुल यादव ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों से परामर्श और काउंसलिंग लेना चाहिए। कार्यक्रम में सुंदरलाल रामा नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विद्यार्थियों ने अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं और विशेषज्ञों से सवाल भी पूछे। विशेषज्ञों ने उनके प्रश्नों का समाधान किया।

छात्रों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा गया और उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा।

■ यूजीसी निर्देशों के तहत छात्रों को तनाव प्रबंधन की दी गई जानकारी

# एनटीपीसी टांडा में अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ समापन

## सीआईएसएफ और एनटीपीसी अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। स्थित एनटीपीसी टांडा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (अग्निशमन शाखा) द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ संघमित्रा परिदा (गरिमा महिला मंडल अध्यक्ष), उप कमांडेंट विनय कुमार वर्मा, महाप्रबंधक ऑपरेशन हर्ष कुमार सेठी, महाप्रबंधक विजिलेंस सुभाष चंद्र सिंह सहित कई अधिकारी शामिल रहे। सहायक कमांडेंट एम. दानय्या ने कार्यक्रम का संचालन किया और सप्ताह भर आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभिन्न प्रकार की आग पर नियंत्रण पाया जा सकता है और आपात स्थिति में बचाव के उपाय क्या हैं। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन बल के जवानों ने आग बुझाने और बचाव कार्य का लाइव प्रदर्शन किया। इसमें विभिन्न परिस्थितियों में आग पर काबू पाने की तकनीकों को दिखाया गया।




मुख्य अतिथि जयदेव परिदा ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता से ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा के प्रयासों की सराहना की।

## यूपी बोर्ड रिजल्ट में छात्राओं का दबदबा श्रिया पांडेय प्रदेश में चौथे स्थान पर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। परिणाम में इस बार छात्राओं का प्रदर्शन खास तौर पर चर्चा में रहा। हाईस्कूल में चित्त बहाल इंटर कॉलेज पूरनपुर राजेसुल्तानपुर की छात्रा श्रिया पांडेय ने 583 अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है।



श्रिया पांडेय देवरिया पंडित गांव की रहने वाली हैं। परिवार में शिक्षा का माहौल है। पिता संदीप पांडेय निजी विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि माता कविता पांडेय परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका हैं।

हाईस्कूल में जिले के कई छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनाई है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मुस्तफाबाद के प्रेम प्रजापति ने 582 अंक पाकर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। चित्त बहाल इंटर कॉलेज की स्तुति पांडेय, जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर की खुशी और डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज के रिछल वर्मा ने 579 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से आठवां स्थान पाया। इस प्रदर्शन ने जिले के हाईस्कूल परिणाम को मजबूती दी है। इंटरमीडिएट परीक्षा में एके स्मारक इंटर कॉलेज अकबरपुर के छात्र अमूल्य वर्मा ने 471 अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। उनके पिता डॉक्टर हैं और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े परिवार का हिस्सा हैं। हालांकि इस बार इंटरमीडिएट में जिले का कोई भी छात्र प्रदेश टॉप सूची में जगह नहीं बना सका। हाईस्कूल में कुल 36,905 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। 35,238 परीक्षा में शामिल हुए और 32,071 पास हुए। कुल परिणाम 91.01 प्रतिशत रहा।

# गो संरक्षण पर समीक्षा बैठक

## 39 गौशालाओं में 10 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल और सदस्य दीपक गोयल ने की।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि 5446 गौशालाओं में 7592 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित हो रही है। गोवध निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

बैठक से पहले उपाध्यक्ष ने कई गौशालाओं का निरीक्षण किया, जिसमें व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने नेपियर घास की उपलब्धता और गोशाला प्रबंधन की सराहना की।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी निर्देशों के समयबद्ध अनुपालन का आश्वासन दिया। बैठक में नियमित निरीक्षण और व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया।



### गोवंश संरक्षण योजनाओं की समीक्षा

उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन की सभी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने गोचर भूमि को चिन्हित कर उसके विकास पर जोर दिया। डीसी मनरेगा को चारागाह विकास के कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। सभी उप जिलाधिकारियों को गोचर भूमि की पहचान कर उसे विकसित करने को कहा गया।

**मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में 39 गौशालाएं सक्रिय हैं, जहां 10,572 गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा 1682 प्रगतिशील गोपालकों ने 2461 गोवंश को अपनाया है।**

### प्रदेश में गोसेवा पर विशेष जोर

उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार गोसेवा को केवल प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी मानकर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 7700 से अधिक गौशालाएं संचालित हैं, जहां 16 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना गोपालकों की आय बढ़ाने में भी सहायक है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक का निरीक्षण

## परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की जांच, सीसीटीवी और कक्षों का लिया जायजा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने गुरुवार को कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी कैमरों और अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्हें परीक्षा केंद्रों पर समय से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने को कहा गया।

परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन लगातार तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।



### सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष जोर

पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए, इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता जरूरी है। सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था की भी जांच की गई ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे।

## तंबाकू नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू उन्मूलन केंद्रों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला की अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. यू.सी. यादव ने की। उन्होंने कहा कि तंबाकू उन्मूलन केंद्रों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। साथ ही नियमित समीक्षा और निगरानी पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में वाइटल स्ट्रेटजी दिल्ली के डॉ. उपेंद्र सिंह भदौरिया ने तंबाकू नियंत्रण के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू उन्मूलन केंद्रों की भूमिका बेहद अहम है और इन्हें और मजबूत करने की जरूरत है। राज्य सलाहकार सतीश त्रिपाठी और तकनीकी सहयोग संस्था के अधिशासी निदेशक विवेक अवस्थी ने भी कार्यक्रम में अपने सुझाव रखे।



■ राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उन्मूलन केंद्रों पर चर्चा

जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. जय प्रकाश, डीपीएम कमलेश कुमार शर्मा, डीसीपीएम प्रीतम विक्रम सहित अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। डॉ. सर्वेश कुमार ने जनपद में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी और आगे की रणनीति पर चर्चा की।

अधिकारियों ने कहा कि तंबाकू उन्मूलन केंद्रों को बेहतर संसाधन और प्रभावी कार्य प्रणाली के साथ संचालित करना जरूरी है।

**सफलता :** 10.13 करोड़ की फर्जी आईटीसी केस में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी फर्म से करोड़ों की जीएसटी चोरी मामले में दिल्ली से आरोपी गिरफ्तार

**खुलासा**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । बोगस फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी के मामले में पुलिस और राज्य कर विभाग को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

उपायुक्त राज्य कर सुनील कुमार सिंह ने जानकारी दी कि राम जानकी मंदिर रोड शहजादपुर पते पर पंजीकृत अंसारी ट्रेडर्स नामक फर्म की जांच की गई थी। जांच में पाया गया कि दिए गए पते पर कोई भी फर्म संचालित नहीं हो रही थी। अधिकारियों का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक संगठित गिरोह की भूमिका हो सकती है, जो फर्जी फर्म बनाकर टैक्स चोरी करता है।राज्य कर विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही इस नेटवर्क में शामिल अन्य आरोपियों का भी खुलासा किया जाएगा।




### कागजात कूटरचित पाए गए

राज्य कर विभाग की जांच में फर्म के रजिस्ट्रेशन से जुड़े दस्तावेज कूटरचित पाए गए। इसके बाद राज्य कर अधिकारी खंड-1 द्वारा कोतवाली अकबरपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया।

जांच में सामने आया कि इस फर्जीवाड़े के जरिए करीब 10.13 करोड़ रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया गया।

### दिल्ली से आरोपी गिरफ्तार

अंबेडकरनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विनोद कुमार पुत्र मोहित राम, निवासी पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर फर्जी फर्म के जरिए जीएसटी चोरी में शामिल होने का आरोप है। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है। इसके आधार पर इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

## फर्जी बैनामा प्रकरण में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । रजहांगीरगंज थाना क्षेत्र में फर्जी बैनामे का मामला सामने आया है। बिना खतौनी में नाम दर्ज हुए विवादित भूखंड की बिक्री किए जाने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ा बताया जा रहा है। नरियांव गांव निवासी सूर्य प्रकाश सिंह ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि गनपतपुर स्थित विवादित भूखंड का बैनामा वंदना पत्नी प्रदीप के नाम पर प्रमोद कुमार को कर दिया गया, जबकि वंदना का नाम खतौनी में दर्ज नहीं था।

आरोप है कि जमीन की बिक्री के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए। शिकायत में गवाहों और बैनामा लेखक की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। पूरे मामले को सुनियोजित तरीके से जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़ी धोखाधड़ी बताया गया है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच कराई। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जहांगीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों में विक्रेता, क्रेता, दो गवाह और बैनामा लेखक शामिल हैं। सभी के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




■ जहांगीरगंज क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेज से जमीन बिक्री का आरोप

# सम्पादकीय

## विकल्पहीन ट्रंप



ईरान को तबाह करने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह दो सप्ताह से जारी युद्धविराम की अवधि खत्म होने के पहले ही उसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया, वह उनके समक्ष पैदा हुई विकल्पहीनता को ही रेखांकित करता है। उनके इस निर्णय से यही स्पष्ट हो रहा है कि वे इस युद्ध से निकलने की राह देख रहे हैं। इसका कारण यह है कि वे लगभग 40 दिनों तक चले युद्ध में न तो ईरान को अशक्त कर पाए और न ही उसके हमलों से खाड़ी देशों की समुचित ढंग से रक्षा कर पाए।

वे उसकी नाकाबंदी के बावजूद उसे होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए बाध्य भी नहीं कर सके। उनके सामने घरेलू मोर्चे पर भी चुनौती बढ़ गई है, क्योंकि एक तो उनके 'मागा' यानी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन समर्थक युद्ध के पक्ष में नहीं और दूसरे, उन्हें ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए संसद की अनुमति चाहिए होगी। वह उन्हें शायद ही मिले, क्योंकि विपक्षी डेमोक्रेट संग कई रिपब्लिकन सांसद भी युद्ध के विरोध में हैं। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि होर्मुज बाधित होने से विश्व में जो गहन ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसका अमेरिका पर भी असर पड़ा है।

निःसंदेह यह भी स्पष्ट है कि युद्धविराम तोड़ना जितना अमेरिका के लिए जोखिम भरा था, उतना ही पाकिस्तान के लिए भी। यदि अमेरिका नए सिरे से ईरान पर हमले करता तो वह जवाबी कार्रवाई के तहत सऊदी अरब समेत खाड़ी के अन्य देशों को निशाना बनाता। ऐसे में पाकिस्तान को सऊदी अरब के साथ हुए समझौते के तहत ईरान के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ता और यह उसका संकट और बढ़ाता। चूंकि पाकिस्तान के साथ अमेरिका भी युद्धविराम विस्तार में ही अपना हित देख रहा था, इसलिए ट्रंप ने यह आड़ ली कि वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और उसके सैन्य प्रमुख के आग्रह पर युद्धविराम को विस्तार दे रहे हैं।

क्या यह विचित्र नहीं कि अभी तक हर मामले में मनमानी करने वाले ट्रंप पाकिस्तान के आग्रह को इतना महत्व दे रहे हैं? इसमें संदेह है कि अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की जो वार्ता टली, वह युद्धविराम विस्तार से फिर शुरू हो सकेगी, क्योंकि ईरान अमेरिकी नाकेबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन मानकर अमेरिका से बात करने से इन्कार कर रहा है। वह अमेरिकी धमकियों से भी बेपरवाह है।

अमेरिका और पाकिस्तान के सामने समस्या यह भी है कि उनके लिए यह जानना कठिन है कि ईरान में चल किसकी रह रही है-मजहबी अथवा राजनीतिक नेतृत्व की या फिर सैन्य नेतृत्व की? लगता है मजहबी एवं राजनीतिक नेतृत्व पर कट्टरपंथी सेना हावी हो गई है। जो भी हो, युद्धविराम विस्तार एक अच्छा संकेत तो है, पर इससे अच्छे नतीजे निकलने के आसार कम ही हैं, क्योंकि होर्मुज अब भी बाधित है।



### विकास जरूरी है, पर उसकी कीमत धरती न चुकाए असली प्रगति वही है जो प्रकृति के साथ चले

# प्रगति बनाम प्रकृतिः हमारे व्यवहार की जिम्मेदारी तय करेगी भविष्य



सच ये है कि पर्यावरणीय संकट हमारे ही व्यवहार और हमारी ही परिभाषा की प्रगति का प्रतिबिंब है। स्टैंडबाय पर छोड़े गैजेट्स वैश्विक बिजली का 5-10% यूं ही फूंक देते हैं। गैजेट बनाना इनोवेशन था, स्विच ऑफ करना विवेक है।



मानव और प्रकृति का रिश्ता धरती पर जीवन जितना पुराना है। प्रकृति ने हमें हवा, पानी, जमीन और जैव विविधता जैसे अनमोल तोहफे बिना किसी शर्त के दिए। उसी प्रकृति की गोद में हमने विज्ञान और टेक्नोलॉजी से जबरदस्त प्रगति की। चांद पर पहुंचे, AI बना लिया।

मगर आधुनिकता और प्रगति की इस अंधी दौड़ में हमारा व्यवहार प्रकृति के प्रति लापरवाह हो गया है। हम भूल गए कि *प्रगति और प्रकृति दुश्मन नहीं, साझेदार हैं*। जब प्रगति गैर-जिम्मेदार हो जाती है, तो प्रकृति से उसका टकराव तय है। और इस टकराव की कीमत हम सब चुका रहे हैं।

टकराव के आंकड़ेः प्रगति का बिल प्रकृति के नाम

हम विकास के ग्राफ दिखाकर खुश होते हैं, पर पर्यावरण के आंकड़े हमारी प्रगति की असली कीमत बता देते हैं। ये हमारे व्यवहार का ही आईना हैः

प्लास्टिक वाली प्रगति का कहरः सुविधा के नाम पर हमने डिस्पोजेबल कल्चर अपनाया। नतीजा? हर साल 400 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है, पर रिसाइकिल सिर्फ 9% होता है। भारत में रोज 26,000 टन प्लास्टिक कचरा निकलता है जो नदियों-समुद्रों में जाकर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बर्बाद कर रहा है। ये प्रगति नहीं, प्रकृति पर बोझ है।

प्यासा विकास, सूखती धरतीः हमने बड़े बांध, 24x7 पानी के वादे को प्रगति कहा। हकीकत? CWMI के मुताबिक भारत के 21 बड़े शहरों में भूजल खतरनाक स्तर तक गिर चुका है। ऐसे ही चला तो 2030 तक देश की 40% आबादी के पास साफ पीने का पानी नहीं बचेगा। कैसी प्रगति है जो हमें प्यासा मार दे?

तपती हुई तरक्कीः फैक्ट्रियां, गाड़ियां, AC हमारे विकास के सिंबल बने। IPCC चेतावनी दे रहा है कि इसी रफ्तार से कार्बन उगलते रहे तो इस सदी में धरती 2C तक गर्म हो जाएगी। ग्लेशियर पिघलेंगे, समंदर शहरों को निगलेगा। क्या यही ₹विकसित₹ भविष्य हम प्रकृति से छीनना चाहते हैं?

जड़ में है हमारा असंतुलित व्यवहार और गैर-जिम्मेदार प्रगति

समस्या संसाधनों की कमी नहीं, उनके अंधाधुंध और असमान दोहन की है। दुनिया के सबसे अमीर 10% लोग कुल कार्बन उत्सर्जन का 50% अकेले कर देते हैं। एक तरफ विलासिता की भूख, दूसरी तरफ बुनियादी जरूरतों के लिए जूझते लोग। यही असंतुलन हमारी प्रगति को खोखला और प्रकृति को बीमार बना रहा है।

हमारा रोज का छोटा व्यवहार भी बड़ा असर डालता हैः

एक टपकता नल साल में 11,000 लीटर पानी बहा देता है। नल लगाना प्रगति थी, उसे बंद रखना जिम्मेदारी थी जो हम भूल गए।

जिम्मेदार व्यवहार से ही आएगी टिकाऊ प्रगति

अच्छी बात ये है कि चाबी हमारे हाथ में है। हमें प्रगति रोकनी नहीं, उसकी दिशा बदलनी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम कहता है कि अगर हम अपनी जीवनशैली बदलें और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी अपनाएं, तो वैश्विक उत्सर्जन 40-70% तक घट सकता है।

**प्रकृति के साथ प्रगति का रोडमैपः**

1. : रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल को आदत बनाओ। कम खरीदो, जो है उसे फेंको मत। ये सबसे बड़ी प्रगति है।

2. ग्रीन टेक्नोलॉजी = जिम्मेदार प्रगति : LED, सोलर, इलेक्ट्रिक वाहन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट। ये भी विकास है, बस प्रकृति के साथ वाला। ये जेब और धरती दोनों बचाता है।

3. जल के प्रति जवाबदेही : रेनवाटर हार्वेस्टिंग कोई रॉकेट साइंस नहीं। हर घर अपना पानी बैंक बना सकता है। टपकते नल ठीक करना भी प्रगति है।

व्यवहार बदलो, प्रगति की परिभाषा बदलो

सरकारी नीतियां जरूरी हैं, पर असली बदलाव नागरिक के व्यवहार से ही आएगा। हमें प्रगति को सिर्फ GDP से नापना बंद करना होगा। हमें ₹ग्रीन GDP₹ और ₹सस्टेनेबिलिटी₹ की बात करनी होगी। हर नए इनोवेशन से पहले पूछना होगाः ₹इसकी पर्यावरणीय कीमत क्या है?₹

प्रकृति और प्रगति दुश्मन नहीं हैं। गैर-जिम्मेदार व्यवहार ही इनके बीच दीवार है। जिम्मेदार व्यवहार से की गई प्रगति ही असली विकास है, जो टिकाऊ है और सबका भला करती है।

महात्मा गांधी की बात आज सबसे ज्यादा जरूरी हैः धरती हर इंसान की जरूरत पूरी कर सकती है, पर एक के भी लालच की नहीं।

तो सवाल अब ₹प्रकृति बचाने₹ या ₹प्रगति रोकने₹ का नहीं है। सवाल हैः ₹क्या हम अपना व्यवहार बदलकर ऐसी प्रगति चुन सकते हैं जो प्रकृति को साथ लेकर चले?₹ जवाब हमें देना है। और वो जवाब कल नहीं, आज देना है। किसी और को नहीं, मुझको और तुमको देना है। अभी से, इसी पल से। क्योंकि ये लड़ाई प्रकृति बनाम प्रगति की नहीं है। ये लड़ाई गैर-जिम्मेदारी बनाम जिम्मेदारी की है।

**- डॉ जसपाल सिंह**

## होमगार्ड्स के वेतन बढ़ोतरी से उनके के जीवन में आई खुशहाली

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में वर्ष 2017 के बाद का समय होमगार्ड्स के इतिहास में एक स्वर्णिम कालखंड के रूप में दर्ज किया गया है। इस अवधि के दौरान सरकार द्वारा लिए गए नीतिगत निर्णयों ने न केवल होमगार्ड्स के आर्थिक ढांचे को बदला, बल्कि उनके सामाजिक सम्मान और कार्यक्षमता को भी नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। यह परिवर्तन उस प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिसने समाज की सुरक्षा में तैनात इन जवानों की मेहनत को उचित पहचान दिलाने का संकल्प लिया था। इस सुधार यात्रा की ठोस शुरुआत 27 अगस्त 2018 को हुई, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने होमगार्ड्स के ड्यूटी भत्ते को 375 रुपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। यह वृद्धि महज एक आर्थिक सुधार नहीं थी, बल्कि वर्षों हजारों जवानों के लिए एक आशा की किरण थी। प्रदेश सरकार ने इसने यह स्पष्ट संदेश दिया कि राज्य व्यवस्था उनकी सेवाओं का मूल्य समझती है। इस कदम के ठीक एक साल बाद, 23 सितंबर 2019 को मुख्यमंत्री जी ने एक और क्रांतिकारी कदम उठाया, जिसमे होमगार्ड्स के आर्थिक भविष्य को स्थायित्व प्रदान किया। इस आदेश के माध्यम से होमगार्ड्स के ड्यूटी भत्ते को पुलिस कार्मिकों के न्यूनतम मूल वेतन रुपये 18,000 के समकक्ष मानते हुए 600 रुपये प्रतिदिन निर्धारित कर दिया गया। इस निर्णय की सबसे दूरदर्शी विशेषता यह थी कि इसमें राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित होने वाले महंगाई भत्ते को भी जोड़ा गया। प्रदेश सरकार की इस नीतिगत निर्णय का परिणाम हुआ कि सभी होमगाड्र्स जवान खुश होकर पूर्ण कार्यक्षमता से ड्यूटी कर रहे है। वर्तमान में, 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते के समावेश के साथ होमगार्ड्स को 948 रुपये प्रतिदिन का ड्यूटी भत्ता प्राप्त हो रहा है। 2017 के पहले की तुलना में यह वृद्धि लगभग ढाई गुना से भी अधिक है, जो सीधे तौर पर उनके जीवन स्तर में सुधार ला रही है।

**आशीष सिंह**

## पहले के वर्षों में भुगतान...

बी0एल0 यादव

# रोजगार की गारंटी से ग्रामीण समृद्धि उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर

ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और गरीब परिवारों को सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने का उद्देश्य लेकर शुरू की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) देश की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। इस योजना का मूल उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का अकुशल शारीरिक रोजगार उपलब्ध कराना, गरीबी और बेरोजगारी को कम करना तथा गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण कर समग्र विकास को गति देना है। यह न केवल एक रोजगार योजना है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूमि विकास, वनरोपण, ग्रामीण कनेक्टिविटी और सामाजिक समावेशन जैसी बहुआयामी विकास प्रक्रियाओं का माध्यम भी बन गई है।

उत्तर प्रदेश, जो भारत का सबसे बड़ा राज्य है और जहां पर अधिकतर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, इस दृष्टि से मनरेगा का विशेष महत्व है। राज्य की विशाल ग्रामीण आबादी, कृषि पर निर्भरता और मौसमी बेरोजगारी को देखते हुए यह योजना लाखों परिवारों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है। वर्ष 2017 से मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में योजना के क्रियान्वयन में




उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। प्रशासनिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता, डिजिटल निगरानी और फर्जीवाड़े पर सख्ती ने योजना को नई दिशा दी है।

मनरेगा की अवधारणा गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास को मजबूत करने की रही है। शुरूआती वर्षों में योजना में कई चुनौतियां थीं, जैसे भुगतान में देरी, फर्जी जॉब कार्ड, कम गुणवत्ता वाले कार्य और प्रशासनिक शिथिलता। 2008-09 से 2016-17 तक के नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 100 दिन का गारंटीड रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या मात्र 18 लाख के आसपास थी। यह आंकड़ा योजना की क्षमता और वास्तविक जरूरत के बीच अंतर को दर्शाता था।

प्रदेश के वर्तमान सरकार के कार्यकाल 2017-18 से 2025-26 तक के पिछले नौ वर्षों में स्थिति में काफी बदलाव आया। इन वर्षों में 34 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को 100 दिन का गारंटीड रोजगार उपलब्ध कराया गया, जो पिछले नौ वर्षों की तुलना में लगभग दोगुनी वृद्धि है। यह वृद्धि बेहतर प्रशासनिक प्रबंधन, समयबद्ध भुगतान और प्रभावी निगरानी का परिणाम है। राज्य सरकार ने योजना को प्राथमिकता दी और इसे ग्रामीण विकास की मुख्य धारा से जोड़ा। विभिन्न रिपोर्टों और सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश कई बार 100 दिन रोजगार उपलब्ध कराने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल रहा है। मानव दिवस सृजन तथा धनराशि व्यय में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है। उदाहरण के लिए, 2024-25 में राज्य ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया जो मनरेगा के इतिहास में सर्वाधिक (कोरोना काल को छोड़कर) रहा, जहां 6 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिला है। 2025-26 में 100 दिन पूर्ण करने वाले परिवारों की संख्या में भागीदारी और परिसंपत्ति निर्माण में निरंतरता बनी रही। कुल मिलाकर, योजना ने बेरोजगारी कम करने और स्थानीय रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश सरकार ने मनरेगा के क्रियान्वयन में डिजिटल क्रांति लाई। मजदूरी भुगतान को पूरी तरह डिजिटल और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) से जोड़ा गया, जिससे श्रमिकों को सीधे उनके बैंक खातों में पैसा पहुंचता है। इससे भुगतान में देरी कम हुई और फर्जीवाड़ा लगभग समाप्त हो गया। पहले के वर्षों में भुगतान संबंधी शिकायतें आम थीं, लेकिन अब एनएमएमएस ऐप, जियो-टैगिंग जैसी तकनीकों से कार्यों की गुणवत्ता और उपस्थिति की जांच आसान हो गई है। फर्जी जॉब कार्ड और बोगस अटेंडेंस पर सख्त कार्रवाई की गई। सिटिजन इंफॉर्मेशन बोर्ड हर कार्य स्थल पर लगाए जाते हैं, ताकि स्थानीय लोग योजना की जानकारी रख सकें। सोशल ऑडिट को मजबूत किया गया और शिकायत निवारण तंत्र को समयबद्ध बनाया गया। इन सुधारों का परिणाम यह हुआ कि योजना का लाभ वास्तविक पात्रों-खासकर गरीब, दलित, आदिवासी और महिलाओं तक पहुंचा। राज्य सरकार की सक्रिय निगरानी ने सुनिश्चित किया गया है कि रोजगार की मांग पर 15 दिनों के अंदर कार्य उपलब्ध हो और संबंधित मजदूर को मजदूरी समय पर मिले।

## कचरा उठान...

राजेश राय

# 'कचरे को संपदा में बदलने की बना मिसाल'

औरैया जनपद के अछल्दा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हरचंदपुर को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं के अभाव के कारण गंभीर पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। गांव में कचरा खुले स्थानों पर फेंका जाता था, सड़कों पर गंदगी रहती थी तथा प्लास्टिक कचरे के कारण बीमारियां फैलाने वाले कीट-पतंगे बढ़ते थे। समुदाय के लोगों को आवागमन में भी कठिनाई होती थी क्योंकि कचरा रास्तों और सड़कों पर फैल जाता था।

ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा गांव की सफाई कर कचरे को एक स्थान पर एकत्र तो किया जाता था, लेकिन उसके निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। परिणामस्वरूप, जमा हुआ कचरा पुनः समुदाय के लिए समस्या बन जाता था। ग्राम पंचायत की कुल जनसंख्या लगभग 14,600 है, जिसमें 2,200 परिवार, 210 व्यावसायिक दुकानें तथा 11 संस्थान शामिल हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पहल के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्राप्त बजट के आधार पर ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की गई। इसके तहत ग्राम पंचायत में व्यवस्थाएं स्थापित की गईं है जिसमें रिसोर्स रिकवरी सेंटर, सामुदायिक कम्पोस्ट पिट, वर्मी कम्पोस्टिंग पिट, नाडेप यूनिट, सामुदायिक डस्टबिन, सामुदायिक सोख पिट, काले पानी के लिए लीच पिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चौंबर, गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन, प्लास्टिक कचरे के संग्रहण हेतु प्लास्टिक बैंक प्रमुख है। इन व्यवस्थाओं को लागू करने के लिए ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई और ग्राम पंचायत स्तर पर इन्हें स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही सभी समुदाय के लोगों को कचरे के उचित निस्तारण एवं पृथक्करण के प्रति जागरूक किया गया। घर-घर कचरा संग्रहण प्रणाली लागू की गई तथा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग किसानों द्वारा अपनी फसलों में उर्वरक के रूप में किया जाने लगा। इसके तहत-प्रत्येक परिवार से 30 रुपये, व्यावसायिक दुकानों से 50 रुपये, संस्थानों से 50 रुपये शुल्क लिया जाने लगा, जिसके बदले समुदाय को घर-घर कचरा संग्रहण, ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा उठान एवं उचित निस्तारण जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। रिसोर्स रिकवरी सेंटर की इस पहल का समुदाय पर अत्यंत सकारात्मक प्रभाव पड़ा जिसमें खुले में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति में कमी आई, जलजनित रोगों और बीमारियों का खतरा कम हुआ, कम्पोस्टिंग और पुनर्चक्रण के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हुआ, कचरे के पृथक्करण से आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ, ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हुई, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बने, घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू हुई।

## जरा हटके

## देश का बाणसागर...

इंजेश सिंह

### बाण सागर नहर के पूर्ण होने से मिर्जापुर, प्रयागराज के 150 लाख हेक्टे० भूमि में बढ़ी सिंचन क्षमता, 1.70 लाख किसानों को मिला लाभ

फसलों की सिंचाई के संसाधनों में नहरों से सिचाई को सबसे अच्छा साधन माना गया है। नहरों का पानी भूमि से नहीं लिया जाता, बल्कि वर्षा के पानी को बाँध बनाकर रोका जाता है और फसली सीजन में आवश्यकतानुसार बाँध से पानी छोड़कर नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाता है। नहर प्रणाली से कई लाभ होते हैं। नहरों के पानी से धरती में वाटर रिचार्ज होता रहता है। पशु-पक्षियों, वन्य जीवों को पीने का पानी मिलता रहता है। नहरों के किनारे वृक्षारोपण कर वनाच्छादन बढ़ाया जाता है । मछली व अन्य जलीय जीवों की संख्या में वृद्धि होती है। तालाब, पोखरों में पानी भरा जाता है। किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलता है। इसीलिए विभिन्न लाभों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने नहरों के सुधार, निर्माण सहित वांछित जल भण्डारण हेतु बांधों के निर्माण पर विशेष बल दिया है।

उत्तर प्रदेश का बुन्देलखण्ड व पठारी क्षेत्र सिंचाई साधनों के परम्परागत तरीके वर्षा, तालाब, कुओं के जल पर ही निर्भर रहा। इससे वर्षा कम होने पर किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलता था। किसान ज्यादातर कम पानी वाली मोटे अनाज, तिलहन, दलहन आदि की फसलें ही उगाते थे।

देश का बाणसागर बांध मध्य प्रदेश राज्य के शहडोल जिले के देवलोंच नामक स्थान पर निर्मित अन्तर्राज्यीय बहुउद्देशीय वृहद नदी घाटी परियोजना है। यह बांध मध्य प्रदेश के सोन नदी पर बनाया गया



है। इस बांध से उत्तर प्रदेश को सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी मिला है। बाणसागर नहर परियोजना उत्तर प्रदेश में वर्ष 1989-90 में प्रारम्भ हुई। प्रदेश की पठारी क्षेत्र में बनाई जा रही यह नहर परियोजना काफी मुश्किल भरा रहा, क्योंकि पत्थरों व मिट्टी को काटकर नहर बनाना एक चुनौती भरा कार्य रहा। बाणसागर नहर परियोजना जंगलों/वन क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसलिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना भी जरूरी था । वन क्षेत्र से नहर निकलने के लिए जब समय से अनापत्ति/अनुमोदन वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से प्राप्त नहीं हुआ तो वर्ष 2002 में नहर निर्माण का कार्य रूक गया।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की लम्बित परियोजनाओं का परीक्षण कराते हुए उत्तर प्रदेश की बाणसागर नहर परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में सम्मिलित किया। भारत सरकार ने 2014 में सिंचाई परियोजना के अनुमोदन /स्वीकृति के लिए वन एवं पर्यावरण नीति में आवश्यक संशोधन करते हुए अक्टूबर 2014 में स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नहर निर्माण कार्य तेजी से शुरू हुआ। विन्ध्य रेंज एवं प्रयागराज के असिंचित क्षेत्रों के किसानों के फसलोत्पादन के लिए किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बाणसागर नहर परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के लिए सिंचाई विभाग के दायित्व में तेजी लाई। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने दिन-रात मेहनत कर 3420.24 करोड रू० की वास्तविक लागत के इस परियोजना को वर्ष 2018 में पूर्ण कर दिया। नहर परियोजना पूर्ण होने पर भारत के मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 15 जुलाई, 2018 को बाणसागर नहर परियोजना का लोकार्पण कर किसानों की सदियों की इच्छा पूर्ण करते हुए उन्हें सिंचाई की सौगात दी।

# आचार्य श्री भिक्षु की आचार निष्ठा

विचार एक भावनात्मक उपचार हैं,और आचार यह हमारे जीवन में आत्मसम्मान के गुण को बढ़ाता हैं । हम जब भी अपना पथ प्रशस्त कर लक्ष्य बनाते हैं तो उसे प्राप्त करने के सही तरीक़े सोचते हैं । तब हम सदाचार की राह पर बढ़ श्रद्धा-निष्ठा से सफलता प्राप्त करते हैं । सद्विचारों की शक्ति मनुष्य को आसमान पर बिठा देती है वह दुर्विचारों की नफ़रत मनुष्य को गहरे गर्त में ढ़केल देती है। आगम वाणी में तीन बातें अहिंसा, संयम और तप हैं । इन तीन बातों को हम आचार के संदर्भ में भी देख सकतें हैं । वह इनका विश्लेषण कर सकतें हैं । अहिंसा भी आचार का अंग हैं । संयम भी आचार का अंग हैं । वह तप भी आचार से जुड़ा हुआ हैं । अहिंसा, संयम और तप आचार हैं, वह साथ ही ज्ञानाचार, दर्शनाचार , चरित्राचार, तापाचार एवं वीर्याचार इन पंचाचारों का समावेश होता हैं । साधु के लिए आचार एक बहुत बड़ा धन होता हैं । आचार्य श्री भिक्षु के अभिनिष्क्रमण का आधारभूत तत्त्व भी आचार पक्ष ही रहा हैं । वे आचार के प्रबल पक्षधर थें । उनका जीवन शुरू से ही पापभीरुता, शांति प्रियता, चिंतन में गंभीरता, व्यवहार कुशलता, ॠजुता, मृदुता, आध्यात्म निष्ठा, आचार निष्ठा, अनुशासन प्रियता आदि-आदि गुणों से परिपूर्ण था । वह इसके साथ ही उनमें जो ज्ञानवत्ता और प्रबुद्धता थी, उससे उनका आचार और अधिक निखर कर सामने आया । उनके समय में यदि साध्वियों के पास थोड़ा कपड़ा अधिक निकल जाता , आहार- पानी का संबंध तोड़ लेना - आचार के संदर्भ में लिया गया एक कठोर निर्णय था । आचार का पक्ष ऐसा हैं कि कठिनाइयों की स्थिति में भी आचार की शुद्धता का प्रयास होना चाहिए । सुविचार, सहानुभूति व मिलनसारिता का व्यवहार आदि सदा रहे । वह जिससे मन सदा शान्त शुद्ध आचार और आशाओं का भण्डार रहें । उत्तम सोच , मृदुभाषिता आदि - आदि कभी विलासिता को छू न जाए । मन सेवाभाव से कभी दूर न हो । वह आत्मविश्वास आदि-आदि सभी की यथोचित प्रचुर मात्रा भरपूर हो । वह जहां समुदाय होता हैं, वहां सबका विवेक एक समान हो- यह संभव नहीं होता हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

# दो ट्रैक्टर ट्रॉली खाई में गिरीं, 5 की मौत

दर्दनाक

## लखीमपुर में बचाने के लिए मची चीख-पुकार, मुंडन करवाने बहराइच जा रहे थे

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में गुरुवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 23 लोग घायल हो गए। 9 की हालत गंभीर बनी हुई है। एक ट्रैक्टर से दो ट्रालियों को बांधा गया था। इस वजह से ड्राइवर ट्रैक्टर को बैलेंस नहीं कर पाया। इसके चलते दोनों ट्रॉली सड़क किनारे खाई में जा गिरी। दोनों ट्रॉली में सवार होकर 80 से ज्यादा लोग मुंडन कराने के लिए बहराइच के सुजौली स्थित कारीकोट देव स्थान जा रहे थे। मरने वालों समेत सभी घायल शारदानगर थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना पढुआ थाना क्षेत्र की है।

सूचना के करीब आधे घंटे बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रशासन द्वारा घायलों का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे एक युवक ने बताया, दो ट्रॉलियों को एक ही ट्रैक्टर में जोड़ दिया गया था। दोनों में करीब 80-90 लोग बैठे थे। ड्राइवर का संतुलन बिगड़ने से ये हादसा हुआ।



### पुलिस कर रही मामले की जांच

मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन कुमार गौतम का कहना है, करीब 1 बजे यह हादसा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें, पढ़ूआ थाना क्षेत्र के गांव सोहरिया निवासी बाल गोविन्द अपने 5 साल के बेटे आदि का मुंडन कराने बहराइच जा रहे थे। उनके साथ उनके रिश्तेदार भी थे। हादसे में बाल गोविंद का परिवार सुरक्षित है। बाल गोविंद के परिवार में सभी बच्चों का मुंडन बहराइच में ही होता है। इस वजह से वह भी मुंडन के लिए बहराइच जा रहे थे।

### बैलेंस बिगड़ने के बाद खाई में गिरी ट्रॉली

स्थानीय लोगों ने बताया, ट्रैक्टर में दो ट्रॉलियों को आपस में जोड़ा गया था। जिसकी वजह से ड्राइवर को बैलेंस करने में दिक्कत हो रही थी। तभी अचानक से एक गाड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने आती है। गाड़ी को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्राली खाई में गिर गई।

हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। मौके पर देखा तो कई लोग ट्रॉली के नीचे दबे हुए थे। जबकि कई घायल हालत में सड़क पर बिखरे पड़े थे। सभी लोग अपने परिजनों को बचाने की कोशिश कर रहे होते हैं। हम लोगों ने तुरंत पुलिस को फोन किया और रेस्क्यू में जुट गए ।



स्थानीय लोगों ने ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने में पुलिस की मदद की।

## अधिकारियों द्वारा जनपद में एलपीजी की उपलब्धता की समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । ज़िलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपरजिलाधिकारी( वि/रा), जिला पूर्ति अधिकारी एवं आयल कम्पनी के अधिकारियों के साथ जनपद में एलपीजी की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में आज का घरेलू गैस सिलिंडर का स्टॉक 16776 है। कल 13202 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को की गई है । इसी प्रकार 13958 उपभोक्ताओं द्वारा कल रिफिल हेतु बुकिंग कराई गई। ऑयल कम्पनियों के अनुसार जनपद में डीएसी के माध्यम से शतप्रतिशत रिफिल की आपूर्ति की जा रही है ।यह भी अवगत कराया गया कि शादी- विवाह में कमर्शियल गैस की आपूर्ति के लिए तहसील स्तर से प्राप्त मांग के सापेक्ष 3100 और जिला पूर्ति कार्यालय के स्तर पर प्राप्त मांग के सापेक्ष 956 कमर्शियल सिलिंडरों का आपूर्ति आदेश निर्गत किया जा चुका है तथा आयल कम्पनी से समन्वय कर घरेलू एवं कमर्शियल सिलिंडरों



की आपूर्ति कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार एजेन्सी शिफ़्ट कराकर भी शादी-विवाह में सिलिंडरों की आपूर्ति के लिए आपूर्ति निरीक्षकों एवं तेल कम्पनी के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। समीक्षा में पाया गया कि आईओसीएल के उपभोक्ताओं को डीएडी प्राप्त होनें में कठिनाई हो रही है और कतिपय मामलों में एमडीएम के कनेक्शन को सक्रिय करने में शिथिलता बरती जा रही है। अतः ज़िलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि:- सबसे ज़्यादा बैकलॉग वाली एजेंसियों की टीम बनाकर जाँच कराई जाए व ऑयल कम्पनी के अधिकारी शादी-विवाह हेतु निर्गत आदेश के अनुसार कमर्शियल सिलिंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें ।

# नोएडा में बंद कमरे में मिली गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की लाश

## लिव-इन में पति-पत्नी बनकर रह रहे थे, परिवार को शादी का पता नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में बंद कमरे में गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की लाश मिली है। दोनों किराए के मकान में पति-पत्नी बनकर रह रहे थे। बुधवार देर रात मकान के आसपास रहने वाले लोगों को बदबू आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो लड़के का शव फंदे से लटका मिला, जबकि युवती का शव फर्श पर पड़ा था। शुरुआती जांच में पुलिस हत्या के बाद खुदकुशी की आशंका जता रही है। मामला नॉलेज पार्क के तुगलपुर गांव का है। थाना प्रभारी के मुताबिक, दोनों के परिवार को सूचना दी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया



गुड्डु पासवान, मृतक ज्योति, मृतक

है। सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया- युवक का नाम गुड्डू पासवान उर्फ गोलू (30) और लिव-इन पार्टनर का नाम ज्योति(24) है। दोनों तीन साल से साथ रह रहे थे। पुलिस ने जब युवक के परिवार से बात की तो पता चला कि उसकी शादी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ज्योति एक निजी अस्पताल में हाउसकीपिंग का काम करती थी। हालांकि, वह 20 दिनों से काम पर नहीं जा रही थी। गुड्डू बेरोजगार था। शव बुधवार शाम करीब 6 बजे कमरे से बरामद हुए। जो एक दिन पुराने बताए जा रहे हैं।

पड़ोसियों ने बताया कि गुड्डू के बेरोजगार होने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। ज्योति के नौकरी छोड़ने के बाद घर का खर्च मुश्किल हो गया था, जिससे झगड़े और बढ़ गए थे। दोनों को आखिरी बार 20 अप्रैल को देखा गया था। जिस मकान में वे रह रहे थे, उसके मकान मालिक कहीं और रहते हैं। उसी मकान में रहने वाले युवक ने बदबू आने पर मकान मालिक को सूचना दी, जिसके बाद मामला सामने आया।

# एक चिंगारी से 45 घर खाक, 10 मवेशी जिंदा जले

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी । लखीमपुर खीरी में भीषण आग से 45 घर जलकर खाक हो गए। 10 से ज्यादा मवेशी जिंदा जल गए। एक चिंगारी से घर में लगी आग तेज हवाओं के कारण फैल गई। कुछ ही देर में आसपास के घरों को चपेट में ले लिया। लोग घंटों तक आग बुझाने की कोशिश में लगे रहे। लेकिन हवा तेज होने के चलते काबू पाना मुश्किल हो गया।



घरों में रखा अनाज, कपड़े, नकदी और गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। जलते घरों के बीच लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते दिखे। इसी भगदड़ में एक युवक का पैर भी टूट गया।



### पलक झपकते उजड़ गया आशियाना

गांव की महिला चुन्नी ने बताया कि पता ही नहीं चला कैसे आग लग गई। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था। घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

### फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में काबू पाया

गांव वालों ने आग की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी। लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचने से पहले आग पूरे गांव में फैल चुकी थी। गांव वालों ने बताया कि घरों में रखा अनाज, कपड़े, नकदी और गृहस्थी का सामान सबकुछ जलकर खाक हो गया है। कई मवेशी जिंदा जलकर राख हो गए तो कई बुरी तरह से झुलस गए।

## मुरादाबाद में सनकी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

मुरादाबाद। कटघर क्षेत्र डबल फाटक निवासी स्क्रैप दुकानदार ने पत्नी पूनम गुप्ता के सिर पर लोहे के हैंडल से वार करके हत्या कर दी। शव को बेड पर रखकर करीब सात घंटे तक वहीं बैठा रहा। शाम को पहले एंबुलेंस को फोन करके पत्नी घायल होने की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंच गए। पत्नी जिम जाती थी जिसका पति विरोध करता था। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद रहता था। मोहल्ला डबल फाटक के टावर वाली गली निवासी शोभित गुप्ता की डबल फाटक पर स्क्रैप की दुकान है। शोभित की दस साल पहले रामपुर के बेलदारान निवासी प्रसादीलाल की बेटी पूनम से शादी हुई थी। महिला ने वैवाहिक जीवन में एक बेटी आराध्या को जन्म दिया। बताया जाता है कि पूनम गुप्ता सुबह के समय रोजाना जिम जाती थी। जिसका पति विरोध करता था।

## 'साइबर सुरक्षा में करियर' विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के उत्कृष्टता केंद्र– साइबर सुरक्षा एवं एमसीए विभाग द्वारा "साइबर सुरक्षा में करियर" विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तेजी से उभरते साइबर सुरक्षा क्षेत्र में करियर एवं कौशल विकास के अवसरों से अवगत कराना रहा।

सत्र के मुख्य वक्ता सुरक्षा वास्तुकार एवं रेड टीम लीडर पियूष मलिक ने एमसीए एवं बीटेक के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा विश्व की प्रमुख आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने बताया कि साइबर हमले लगातार जटिल होते जा रहे हैं, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित धोखाधड़ी और बड़े स्तर के संरचनात्मक हमले शामिल हैं। हैकिंग, मैलवेयर तथा सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की कमजोरियों का लाभ



उठाकर साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता है।

उन्होंने 'शून्य-दिवसीय हमलों' पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनके माध्यम से हमलावर सिस्टम में अनधिकृत प्रवेश कर विभिन्न गतिविधियां संचालित कर सकते हैं। सत्र के दौरान विभिन्न साइबर हमलों का प्रदर्शन एवं प्रयोगात्मक अभ्यास भी कराया गया। साथ ही छात्रों को ऑनलाइन अभ्यास मंचों एवं बग खोज कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह दी गई। वक्ता ने हार्डवेयर आधारित हमलों, रूटकिट्स और आधुनिक उपकरणों के खतरों से अवगत कराते हुए सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

# एमआईईटी मेरठ के शिक्षकों की लीडरशिप प्रोग्राम मेंसहभागिता

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'कैप्सूल' (लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम) का प्रथम बैच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्देश्य फार्मेसी शिक्षकों में नेतृत्व कौशल का विकास, नवाचार को बढ़ावा देना तथा पेशेवर उत्कृष्टता को सुदृढ़ करना रहा।

देशभर से चयनित प्रतिभागियों के बीच मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी विभाग का प्रतिनिधित्व डॉ. विपिन कुमार गर्ग (प्राचार्य, फार्मेसी) एवं डॉ. आलोक शर्मा ने किया। दोनों शिक्षकों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित





किया। उनकी सहभागिता ने एमआईईटी की फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त उपस्थिति को भी रेखांकित किया।

कार्यक्रम में नेतृत्व विकास के साथ-साथ फार्मेसी शिक्षा में नैतिक मूल्यों और मानवीय दृष्टिकोण के समावेशन पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को नवीन शिक्षण पद्धतियों, अनुसंधान उन्मुख दृष्टिकोण और व्यावसायिक दक्षताओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ।

प्रतिभागियों ने पीसीआई के अध्यक्ष डॉ. मोंटू एम. पटेल एवं उपाध्यक्ष जस्सू भाई हीरा भाई चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। साथ ही आयोजन समन्वयक डॉ. दीपेंद्र सिंह, डॉ. विभु साहनी, डॉ. नीरज उपमन्यु तथा वक्ताओं डॉ. बुरांडे, डॉ. मौर्य सहित पूरी टीम के उत्कृष्ट संचालन के लिए आभार व्यक्त किया। एमआईईटी प्रबंधन ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए दोनों शिक्षकों को बधाई दी। चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल, कैंपस डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह तथा डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

**संख्या-415/न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण)** **दिनांकः 22/04/2026**

## अतिअल्पकालीन पुनः ई-निविदा (Retender) सूचना

नगर पालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर विभाग /राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर ₹15वां वित्त आयोग (निर्दिष्ट/बुनियादी अनुदान) व 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क₹ मद के अन्तर्गत कार्यालय पत्र संख्या-36/न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण) दिनांक-04.04.2026 के द्वारा 09 निर्माण कार्यों की पुनः ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमें 02 प्रतिशत स्टाम्प अतिरिक्त शुल्क के अन्तर्गत कार्य सं0-18, 25 पर कोई बिड न प्राप्त होने कारण उक्त कार्य की पुनः ई-निविदा (Retender) आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते पूर्ववत् रहेंगी। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य का विवरण वेबसाइटः- https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन कर देखा जा सकता हैं।
2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 23.04.2026 से 30.04.2026 तक
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि / समय दिनांक 30.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल की निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

### तीनों के सिर फटे, बाइक से अस्पताल जा रहे थे, हादसा जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर चंदुरियां थाना क्षेत्र हुआ

# ट्रेलर ने पति-पत्नी और 7 महीने की बेटी को रौंदा

**दुर्घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

महराजगंज। महराजगंज में गुरुवार को एक बाइक से जा रहे परिवार के 3 लोगों को तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंद दिया। हादसे में पति-पत्नी और 7 महीने की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों के सिर फट गए। हेलमेट पहने होने के बावजूद बाइक चला रहे पति की भी जान नहीं बची।

पति-पत्नी बीमार बेटी का इलाज कराने अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान हादसा दुआ। भाग रहे ट्रेलर के ड्राइवर को पुलिस ने 12 किलोमीटर तक ट्रेस करते हुए गिरफ्तार किया। हादसा जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर चंदुरियां थाना क्षेत्र हुआ।



यही वह ट्रेलर है, जिससे हादसा हुआ। इसके ड्राइवर को पुलिस ने 12 किलोमीटर तक पीछा करके पकड़ा।

थाना कोठीभार के पकड़ी भारतखंड में रहने वाले नौशाद (28) की बेटी शहजादी (7 महीने) की तबीयत खराब थी। गुरुवार दोपहर नौशाद बेटी को लेकर पत्नी सलेहा (26) के साथ अस्पताल जा रहा था। तीनों बाइक से निकले थे। इस बीच, नौशाद किसी काम से सिंदुरिया थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठे के पास रुके गए। काम निपटाने के बाद वह आगे बढ़े, तो बलुही धूस गांव के पास गिट्टी लदे ट्रेलर (बीआर 28 जीबी 9110) ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे पत्नी और बेटी पहिए के नीचे आ गए। जबकि नौशाद सिर के बल करीब 4 फीट दूर जा गिरे। हादसे में तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सड़क पर खून ही खून फैल गया। हेलमेट पहने होने के बावजूद नौशाद का सिर फट गया। राहगीरों की सूचना पर सिंदुरिया थाना प्रभारी राजकुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### 12 किलोमीटर दूर पकड़ा गया ट्रेलर चालक



थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया- हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। लोगों से ट्रेलर का नंबर पता चला। इसके बाद सर्विलांस और आसपास के थानों की मदद से चालक को घटनास्थल से 12 किलोमीटर दूर घुघुली थाना क्षेत्र के पकड़ी विशुनपुर के पास पकड़ लिया गया। ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है।

#### 4 साल पहले हुई थी शादी

घरवालों ने बताया- नौशाद दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई दिल्ली में परिवार के साथ रहता है। वह प्राइवेट जॉब करता है। वहीं नौशाद घर पर ही रहकर पिता के साथ खेती-बाड़ी करता था। 4 साल पहले ही उसकी शादी सलेहा से हुई थी। शहजादी उसकी इकलौती बेटी थी।



हादसे के बाद पति-पत्नी के शव करीब 4 फीट की दूर पर पड़े थे। पास में ही बेटी की लाश पड़ी रही।

## कानपुर में दिनदहाड़े रिटायर्ड लेक्चरर की पत्नी का मर्डर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में गुरुवार दोपहर घर में घुसकर रिटायर्ड लेक्चरर की पत्नी की हत्या कर दी गई। बदमाश ने माला से गला कसा, फिर गर्दन काट दी। इसके बाद घर से कैश और जेवर लूट ले गए। लेक्चरर करीब 1 घंटे के लिए दवा लेने घर से बाहर गए थे। घर लौटकर आए तो पत्नी का खून से सना शव जमीन पर पड़ा था। पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा था।

आलमारियों के लॉकर टूटे पड़े थे। सीसीटीवी में घर में भगवा गमछा ओढ़े हुए एक युवक दोपहर 1.16 बजे घुसता दिख रहा है। करीब 55 मिनट बाद 2.10 बजे वह बाहर निकला। युवक घर में जाते हुए तो खाली हाथ है, लेकिन लौटते समय झोला लेकर निकला। घर के पास एक महिला का मूवमेंट भी दिखा है।

डीसीपी एसएम कासिम आबिदी ने बताया- महिला की पहचान कल्याणपुर में आवास विकास-1 में




**घर में अकेली थीं, पति दवा लेने गए थे गमछा ओढ़े बदमाश घर में घुसा**

रहने वाली निर्मला सिंह (53) के रूप में हुई है। नौकरानी और 2 एसी मैकेनिकों को हिरासत में लिया गया है। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने सबूत जुटाए हैं। जल्द ही हत्याकांड और लूटपाट की वारदात का खुलासा किया जाएगा।

कल्याणपुर में आवास विकास-1 के मकान नंबर एच-1624 में हरेंद्र कुमार सिंह (60) परिवार के साथ रहते हैं। हरेंद्र ने बताया- मैं 31 मार्च को ही आचार्य नगर के भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज से रिटायर हुआ हूं।

**फास्ट न्यूज**

### प्रवर्तन टीम ने वर्कशाप सहित ऑटो पार्ट्स की दुकानो की ली तलाशी

बाराबंकी। मॉडिफाइड साइलेन्सर व प्रैशर हार्न की बिक्री के खिलाफ परिवहन व यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने दुकानो, गैराजो का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व यातायात प्रभारी की टीम द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल के वर्कशाप, सहित अन्य ऑटो पार्ट्स की दुकानो तलाशी लेते हुये दुकानदारो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### सहारनपुर में मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

सहारनपुर। सहारनपुर में देर रात को पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। चेकिंग के दौरान बदमाश ने पुलिस पर गोली चला दी। जिसके बाद पुलिस को भी काउंटर फायरिंग करनी पड़ी। जिसमें बदमाश के पैर पर गोली लग गई और वो घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके बाद से एक तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद हुई है। मामला थाना सरसावा क्षेत्र का है। सीओ नकुड़ रुचि गुप्ता ने बताया कि देर रात थाना सरसावा पुलिस टीम बोन्सा पुलिया से ग्राम बिडवी जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी।

### गर्लफ्रेंड के साथ ताजमहल देखने आए पर्यटक ने किया सुसाइड

आगरा। कर्नाटक से गर्लफ्रेंड के साथ ताजमहल देखने आए पर्यटक ने होटल के कमरे में सुसाइड कर लिया। गर्लफ्रेंड ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पर्यटक फंदे पर झूल चुका था। होटल कर्मी जब तक पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## इंडिया डिजाइन वीक 2026 में एमआईईटी की टीम को 'बेस्ट डिजाइन अवार्ड'




**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने इंडिया डिजाइन वीक 2026 में 'बेस्ट डिजाइन अवार्ड' जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता ग्रेटर नोएडा स्थित एनआईईटी में आयोजित हुई, जिसमें उत्तर भारत की कई प्रतिष्ठित संस्थाओं की टीमों ने भाग लिया।

कड़े मुकाबले के बीच टीम ने अपनी उत्कृष्ट डिजाइन क्षमता, नवाचार और तकनीकी दक्षता के दम पर फाइनल में जगह बनाई और अंततः विजेता बनकर उभरी। टीम का प्रोजेक्ट अपनी मौलिकता, उपयोगिता और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के लिए निर्णायकों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। इस उपलब्धि में टीम के सदस्य नमित कम्बोज और विशाल त्यागी की मेहनत, समर्पण और रचनात्मक सोच का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एमआईईटी ग्रुप के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ संजय कुमार सिंह,डीन एकेडमिक्स डॉ संजीव सिंह,डॉ विपिन कुमार शर्मा , अजय चौधरी ने बधाई दी।

### ट्रॉले से टकराकर बोलेरो में आग लगी, बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार

# मिर्जापुर में सड़क हादसा 11 की मौत, 9 जिंदा जले

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मिर्जापुर। यूपी के मिर्जापुर में बुधवार रात सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश से गिट्टी लादकर आ रहा ट्राला ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्राले ने पहले स्विफ्ट कार को टक्कर मारी, फिर एक ट्रक से जा टकराया। कार, ट्राले और ट्रक के बीच फंस गई।

इस दौरान पीछ से आ रही बोलेरो ट्रेलर में जा घुसी। बोलेरो में तेज धमाके के साथ आग लग गई। ड्राइवर समेत नौ लोग जिंदा जल गए। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार थे। इनके अलावा स्विफ्ट कार का ड्राइवर और ट्रक के क्लीनर की भी मौत हो गई। हादसा ड्रमडगंज थाना क्षेत्र में हुआ। एसपी अपर्णा रजत



कौशिक ने बताया-बोलेरो सवार सभी लोग जिगना थाना के नरैना गांव के रहने वाले थे। परिवार मैहर से बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था। हादसे में 8 साल के बच्चे और उसकी मां की भी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल ट्रक क्लीनर को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया।

**प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो में तुरंत आग लग गई। आग लगने से बोलेरो में सवार सभी यात्री अंदर ही फंस गए और जिंदा जल गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तेजी से बचाव कार्य में जुट गए। लेकिन, तेज आग के कारण किसी को बचाया नहीं जा सका।**



### बच्चे समेत नौ जिंदा जले, मां-बेटे और बेटी की मौत

मिर्जापुर डीएम के मुताबिक, मिर्जापुर के जिगना थाने नरैना निवासी अरुण सिंह का परिवार बेटे शिवा (7) साल का मुंडन कराने मैहर गया था। हादसे में शिवा और उसकी मां वंदना सिंह (38) की भी मौत हो गई है। इसके अलावा परिवार के ही वीणा सिंह (47), बेटे पीयूष सिंह (15) और बेटी सोनम की भी जान चली गई। बोलेरो में सवार प्रियंका (42), कार्तिकेय (18), पंकज सिंह (40), सोनम (9) और विष्णु (बोलेरो ड्राइवर, निवासी रामपुर) की जिंदा जलकर मौत हो गई। प्रियंका सिंह और कार्तिकेय सिंह मध्यप्रदेश के थे, जो मुंडन में शामिल होने आए थे। वहीं, स्विफ्ट कार सवार मृतक जय प्रकाश (27) सोनभद्र के थे। ट्रक क्लीनर विकास भी मध्य प्रदेश का रहने वाला था।

### 'उपज' का सख्त रुख डीआईजी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई न हुई तो आंदोलन

# मवाना में पत्रकारों पर हमले

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। मवाना थाना क्षेत्र में पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों और पुलिस की कथित निष्क्रियता के खिलाफ उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) ने कड़ा रुख अपनाते हुए उपमहानिरीक्षक, मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर तत्काल और ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अजय चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मवाना क्षेत्र में पत्रकारों की सुरक्षा गंभीर संकट में है। उन्होंने दो टूक कहा कि उपज पत्रकारों के हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी कीमत




पर उनके सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में 18 मार्च को कोर्ट रेजिडेंसी कॉलोनी में कवरेज के दौरान पत्रकार संचित अरोड़ा व इसरार अंसारी के साथ हुई मारपीट और मोबाइल तोड़े जाने की घटना का उल्लेख करते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया गया। संगठन ने कहा कि तहरीर देने के बावजूद मुकदमा दर्ज न होना बेहद चिंताजनक है। इसके अलावा 26 मार्च को किला रोड पर संचित अरोड़ा के साथ मारपीट और एक आरोपी को बिना कार्रवाई छोड़ने का मामला भी उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल में विश्वास राणा, जयवीर त्यागी, ताज मोहम्मद, अरुण सागर, संचित अरोड़ा, इसरार अंसारी, मदनपाल गौतम और रवि गौतम सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

> **उपज ने 9 अप्रैल को पत्रकार अमित कांबोज को चौकी बुलाकर धमकाने और 12 अप्रैल को कवरेज के दौरान अभद्रता व मोबाइल छीनने की घटनाओं को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताया। संगठन ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच, दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई और फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।**

# बदायूं में नेग न मिलने पर किन्नरों ने फायरिंग की

### दूल्हे के भाई को गोली लगी, कैश बैग छीना

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बदायूं। बदायूं में मनमाना नेग न मिलने पर किन्नरों ने बारात पर फायरिंग कर दी। गोली दूल्हे के भाई को लगी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने किन्नरों को बंधक बना लिया और पुलिस को मामले की जानकारी दी।

पुलिस ने घायल लड़के को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सिटी ने बताया कि किन्नरों की कार से दो तमंचे, कैंची, लाठी-डंडे मिले हैं। 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से एक सपा किन्नर महासभा का जिलाध्यक्ष है। मामला कुंवरगांव थाना क्षेत्र का है।

किन्नरों ने शादी की खुशी में दूल्हे के पिता से 21 हजार रुपये का नेग मांगा। इस पर दूल्हे के पिता नेमचंद्र ने 2100 रुपये देने की पेशकश की।



किन्नर 21 हजार रुपये लेने की मांग कर रहे थे और अभद्रता से बात कर रहे थे। मौके पर महिलाएं, बाराती और गांव के लोग मौजूद थे।

लोगों ने खुशी के माहौल में इस तरह से विवाद न करने की बात कही। दूल्हे के पिता ने कहा कि 1100 रुपये लीजिए और बच्चों को आशीर्वाद देकर जाइए। इस पर किन्नर भड़क गए और गालियां और बद्दुआएं देने लगे। इसका वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। किन्नर अपनी पॉवर का रौब झाड़ने लगे। उनमें से एक किन्नर दौड़कर गया और कार से तमंचा निकाल लाया। वह लोगों को धमकाने लगा और फायरिंग कर दी।

**बुधवार रात हुसैनपुर गांव में प्रेम शंकर की बेटी की बारात आई थी। मूसाझाग थाना क्षेत्र के कथरा गांव से नेमचंद्र बेटे नरेंद्र की बारात लेकर पहुंचे थे। दोनों गांव के बीच की दूरी करीब 28 किमी है। 70 से 80 लोग बारात में आए थे। धूमधाम से बारात का स्वागत हुआ और शादी की रस्में शुरू हुईं। जयमाला के बाद काफी लोग वापस लौट गए और रात में शादी की बाकी रस्में हुईं। तड़के सुबह फेरे हो गए और बारात विदा कराने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच कार से 6 किन्नर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### बंगाल में रिकॉर्ड...

पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

मुर्शिदाबाद के नौदा में बुधवार देर रात देसी बम से हमले में कई लोग घायल हो गए। आम जनता उन्नयन पार्टी (AJUP) चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों और TMC कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया।

सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ में भाजपा और TMC कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। बूथ के बाहर दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच बहस हो गई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। यहां से शंकर घोष भाजपा प्रत्याशी हैं।

पश्चिम बर्दवान जिले की कुल्टी विधानसभा में बूथ नंबर 245 में ईवीएम में खराबी के कारण करीब 2 घंटे तक वोटिंग प्रभावित रही। इससे जनता को भी परेशान हुई। इसके बाद यहां से बीजेपी विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार बूथ पर पहुंचे। CRPF के जवानों ने सिलीगुड़ी के डांगीपारा इलाके में पोलिंग स्टेशन के पास जमा भीड़ को तितर-बितर किया। इस दौरान CRPF ने बल प्रयोग भी किया। बंगाल के बीरभूम जिले के सिउड़ी इलाके में भाजपा उम्मीदवार और TMC की महिला पार्षद शिप्रा मजूमदार के बीच बहस हो गई।

भाजपा उम्मीदवार ने आरोप लगाया कि TMC पार्षद वोटरों को डरा-धमका रही हैं और उन्हें मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में रहने की इजाजत नहीं है। इस पर TMC पार्षद ने जवाब दिया कि वह सिर्फ एक दिव्यांग मतदाता को वोटिंग कराने में मदद कर रही थी।

भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल ने कार पर हमले के बाद कहा, ‘हमारी कार चलना शुरू की तभी एक बड़ा पत्थर हमारे कार के पीछे के शीशा पर लगा और शीशा टूट गया। कोई पीछे से हमला कर दे तो हम क्या कर सकते हैं। हम दूसरे जगह जा रहे थे तभी ऐसा हुआ और ऐसा बार-बार किया जा रहा है, अब आप समझ ही रहे होंगे ये कौन कर रहा है और क्यों किया जा रहा है?

### 12वीं में 23.54...

प्रदेश में कुल 254 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए। इंटरमीडिएट की कॉपी चेक करने के लिए 55,976 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। 18 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल तक मूल्यांकन चला। इंटरमीडिएट की 1 करोड़ 23 लाख कॉपियां चेक की गईं।

पिछले साल यानी 2025 में परीक्षा खत्म होने के 44 दिन बाद 25 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे। तब 90.11% छात्र-छात्राएं पास हुई थीं। इस बार 42वें दिन बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित हुए हैं।

### यूपी बोर्ड : परिणाम ...

12वीं में इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है। 75.04% छात्र और 86.32% छात्राएं पास हुई हैं। छात्रों की तुलना में छात्राओं का रिजल्ट 11% बेहतर है। प्राइवेट कॉलेजों से अच्छा रिजल्ट सरकारी कॉलेजों का रहा है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया, जिन छात्राओं ने राज्य भर में टॉप पोजिशन हासिल किया है, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

सीतापुर की कशिश वर्मा ने 97.83 फीसदी अंकों के साथ 10वीं में यूपी टॉप किया। वह महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की छात्रा हैं। उन्हें 600 में 587 अंक मिले हैं। परिणाम आने के बाद से घर में खुशी का माहौल है। आसपास के लोगों ने घर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। लोग बधाई देने के लिए उन्हें लगातर फोन करते रहे। उनके फोन की घंटी लगातार घनघनाती रही।

घर की आर्थिक स्थिति कमजोर, मां की खराब तबीयत और सीमित संसाधनों के बावजूद कशिश ने हार नहीं मानी। वह बताती हैं कि उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा उनकी मां हैं। उनकी बीमारी ने उन्हें और मजबूत बनाया। पिता खेती करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं, ऐसे में उन्होंने पढ़ाई को ही अपने सपनों का रास्ता बनाया। कशिश का सपना शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा देना है। वह मानती हैं कि शिक्षा ही वह ताकत है, जो हर मुश्किल को आसान बना सकती है। उनकी यह सफलता उन तमाम बेटियों के लिए उम्मीद की किरण है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को जिंदा रखती हैं। यूपी बोर्ड 12वीं में टॉप-10 में 23 छात्रों ने जगह बनाई है। इनमें बरेली से सबसे ज्यादा 5 टॉपर्स हैं। फिर सीतापुर और बाराबंकी से 4-4, चित्रकूट और हरदोई से 2-2 फिर बागपत, मुरादाबाद, कानपुर नगर, कन्नौज, बांदा और प्रतापगढ़ से एक-एक टॉपर्स टॉप-10 में शामिल हैं। इन छात्रों ने 500 में 488 से 477 अंक हासिल किए हैं।

### 'इस्लाम में महिलाओं ...

उन्होंने अदालतों से धार्मिक रीति-रिवाजों को न्यायिक रूप से तय नहीं करने का आग्रह भी किया।

उन्होंने कहा यह मुद्दा इसलिए आया है क्योंकि एक रिट याचिका में मांग की गई थी कि महिलाओं को मस्जिदों में नमाज पढ़ने की अनुमति दी जाए।

सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

### 'होर्मुज में माइन...

इसका असर शेयर बाजारों पर भी पड़ा है। अमेरिका में S&P 500 और Nasdaq के फ्यूचर्स कमजोर शुरुआत का संकेत दे रहे हैं। यूरोप के बड़े बाजारों में भी गिरावट है, जबकि एशिया में जापान और हांगकांग के बाजार नीचे बंद हुए, वहीं दक्षिण कोरिया का बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।

संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि अगर ईरान से जुड़ा युद्ध कल भी खत्म हो जाए, तब भी दुनिया भर में 3 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी में धकेल दिए जाएंगे।

CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, UN डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़े अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा कि वैश्विक जीडीपी का 0.5% से 0.8% तक नुकसान हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर कमजोर देशों पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ऊर्जा कीमतों में उछाल और खाद्य असुरक्षा इस संकट की बड़ी वजह हैं।

### युद्ध लंबा खिंचने की ...

वहीं WTI भी बढ़कर करीब 94.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता न होने से निवेशक अब लंबे संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट के लंबे समय तक बंद रहने की आशंका मान रहे हैं।

### 'भाजपा का भरोसा...

पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में लगभग 27–30% मुस्लिम मतदाता हैं, जो पारंपरिक रूप से TMC का मजबूत आधार रहे हैं। 2021 में कृष्णानगर की 7 में से 6 विधानसभा सीटों पर TMC को जीत मिली थी। हालांकि, मतुआ समुदाय और ग्रामीण हिंदू मतदाताओं के बीच भाजपा ने पिछले कुछ चुनावों में अपनी पकड़ मजबूत की है। शहरी इलाकों, जैसे कृष्णानगर उत्तर में भाजपा का प्रभाव है, जबकि ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में TMC का वर्चस्व बना हुआ है। TMC नेता महुआ मोइत्रा इसी सीट से सांसद हैं।

### ओडिशा में गर्मी के...

इधर, दिल्ली के स्कूलों में वॉटर बेल सिस्टम लागू किया जाएगा। हर 45 से 60 मिनट में घंटी बजाई जाएगी, ताकि छात्रों को पानी पीने की याद दिलाई जा सके और डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके।

देश के पूर्वोत्तर में सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में आंधी बारिश का अलर्ट है। तटीय राज्यों आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, कोंकण और गोवा के अलावा तेलंगाना में आंधी-बारिश के साथ उमस भरा मौसम रहेगा।

## जडेजा 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर

# वैभव के सबसे तेज 500 आईपीएल रन

**मुकाबला**

लखनऊ, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स ने IPL 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 IPL रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर राजस्थान के लिए IPL में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। रवींद्र जडेजा ने IPL में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच (POTM) अवॉर्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने CSK के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले उनके 16 POTM अवॉर्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं। मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर में लगातार एक्शन देखने को मिला, लेकिन सबसे बड़ा मोमेंट रहा ऋषभ पंत का कमाल का कैच। तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर शमी ने तेज बाउंसर डाली, जिस पर यशस्वी जायसवाल ने हुक शॉट खेलने की कोशिश की।



मोहसिन खान ने वैभव सूर्यवंशी को 8 रन पर पवेलियन भेजा।

### आर्चर बने आरआर के सबसे सफल गेंदबाज

जोफ्रा आर्चर अब राजस्थान रॉयल्स के लिए IPL में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनके नाम 68 विकेट हो गए हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल (66) और सिद्धार्थ त्रिवेदी (65) को पीछे छोड़ दिया।

> लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड पर लगातार 7वीं हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में घर पर सबसे ज्यादा लगातार हार के रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जहां दिल्ली (9 हार) और डेक्कन चार्जर्स (8 हार) जैसे टीम्स इससे ऊपर हैं।



### वैभव के 227 बॉल पर 500 आईपीएल रन

वैभव सूर्यवंशी ने अपने IPL करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहली ही गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके।

## मिचेल स्टार्क को आईपीएल में खेलने की मिल गई हरी झंडी

### डीसी को आखिर किस मैच में मिलेगी तेज गेंदबाज की ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने IPL 2026 में खेलने की हरी झंडी दे दी है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 1 मई को खेले जाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के मैच में खेलने की उम्मीद है।

दरअसल, मिचेल स्टार्क की वापसी दिल्ली कैपिटल्स के लिए बड़े बूस्ट की तरह होगी। दिल्ली की टीम का सीजन अब तक मिला-जुला रहा है और 6 मैचों में तीन जीत और तीन में हार के साथ वह प्वाइंट्स टेबल के पांचवें स्थान में है। ऐसे में स्टार्क की वापसी दिल्ली की टीम के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हो सकती है।

Cricket.com.au की रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्क भारत में मैदान पर अपनी फिटनेस और वर्कलोड बढ़ाएंगे और 1 मई को राजस्थान



रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के मैच में 2026 सीजन का डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

जनवरी के महीने से मिचेल स्टार्क कोहनी और कंधे की चोट की वजह से मैदान से बाहर थे, लेकिन अब उनकी वापसी साफ होती नजर आ रही है। एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीतने के बाद मिचेल बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए कुछ मैच जरूर खेले, लेकिन पूरी फिटनेस हासिल करने में वक्त लगा। बता दें कि स्टार्क पिछले सीजन दिल्ली के सबसे बड़े तेज गेंदबाज थे। उन्होंने 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे।

# साउथ अफ्रीका ने भारत से टी-20 सीरीज जीती

### कप्तान वोल्वार्ट का 47 गेंद में शतक, 193 रन का टारगेट 21 बॉल रहते हासिल किया

नई दिल्ली, एजेंसी

साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है। तीसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त बनाई।

टीम ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज (193 रन) किया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने 47 गेंदों में शतक जड़ा, जो उनके करियर की सबसे तेज सेंचुरी है।

साउथ अफ्रीका की जीत में लॉरा वोल्वार्ट और सुने लुस की 183 रनों की साझेदारी अहम रही। वोल्वार्ट ने 115 रन बनाए, जबकि सुने लुस ने 42 गेंदों पर 64 रन बनाकर साथ दिया। टीम ने 193 रनों का लक्ष्य 16.3 ओवर में हासिल कर लिया।



कप्तान हरमनप्रीत कौर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी-20 अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए। आखिरी ओवर में उन्होंने तुमी सेखुखुने की गेंदों पर दो छक्के लगाए। उन्होंने ऋचा घोष के साथ 26 गेंदों में 51 रनों की पार्टनरशिप की, जिससे भारत 190 के पार पहुंच सका।

### भारत ने बनाया था अपना हाईएस्ट स्कोर, फिर भी हार मिली

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 192/9 का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। शेफाली वर्मा ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी आउट होने से पारी लड़खड़ा गई थी। मंधाना 34 और जेमिमा शून्य पर आउट हुईं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला।

## स्टेडियम का काम शुरू, 6 टीमें और टी-20 फॉर्मेट में होंगे मुकाबले

# ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले पोमोना में खेले जाएंगे

**आयोजन**

नई दिल्ली, एजेंसी

साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलिंपिक के लिए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। कैलिफोर्निया के पोमोना में बुधवार को हुए भूमि पूजन के साथ ही क्रिकेट की 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

सभी मुकाबले लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स मैदान पर खेले जाएंगे। ओलिंपिक में क्रिकेट मैच 12 जुलाई से 29 जुलाई 2028 तक आयोजित होंगे।



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने यह फोटो अपने वेबसाइट पर शेयर की है।

> साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था। इसमें इंग्लैंड ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर जीता था।

लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में क्रिकेट एक आधुनिक फॉर्मेट में लौटेगा। इसमें मेंस और विमेंस दोनों कैटेगरी के लिए अलग-अलग टी-20 इंटरनेशनल टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। हर टीम को 15 सदस्यीय स्क्वॉड की अनुमति होगी। विजेता टीमों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिए जाएंगे। ओलिंपिक की तैयारियों के रूप में इस फेयरप्लेक्स ग्राउंड्स पर 'मेजर लीग क्रिकेट' (MLC) के तीन मुकाबले भी खेले जाएंगे। 1 से 5 जुलाई के बीच होने वाले इन मैचों में स्थानीय टीम लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स एक्शन में नजर आएगी। MLC अमेरिका की प्रमुख प्रोफेशनल टी-20 लीग है।



1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट का एक ही मैच खेला गया।

### क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के चेयरमैन जय शाह ने इस अवसर को खेल के लिए एक 'बड़ा मील का पत्थर' बताया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट वैश्विक खेल बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगा रहा है। ओलिंपिक का हिस्सा बनना गर्व की बात है और हमें विश्वास है कि यह वेन्यू खेलों के दौरान केंद्र बिंदु बनेगा और अमेरिका में क्रिकेट की एक स्थायी विरासत छोड़कर जाएगा।

**मनोरंजन**

## कहा- प्यार और जंग में सब जायज, एक्ट्रेस ने गवाह बनने की अर्जी दी थी

# सुकेश ने जैकलीन को जेल से लिखा लेटर

दिल्ली, एजेंसी

200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के अप्रूवर बनने के आवेदन के बीच आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से उन्हें फिर लेटर लिखा है।



21 अप्रैल को लिखे इस लेटर में सुकेश ने जैकलीन को बेबी बोम्मा और माय जैकी कहा। लेटर में उसने लिखा कि प्यार और जंग में सब जायज है और वह हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा, चाहे कुछ भी हो जाए। हाल ही में जैकलीन ने दिल्ली की अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अप्रूवर बनने का आवेदन दिया। इस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 मई को स्पेशल जज प्रशांत शर्मा की अदालत में होगी। इस केस में जैकलीन से कई बार पूछताछ हो चुकी है। ईडी ने उन्हें सप्लीमेंट्री चार्जशीट में आरोपी बनाया है। केस रद्द करने की उनकी पिछली अर्जी दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो गई थी। बता दें कि सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी की थी। ED की जांच में सामने आया था कि सुकेश ने ठगी के इन पैसों से जैकलीन को करोड़ों रुपए के कीमती गिफ्ट्स दिए थे। इसमें लग्जरी बैग, हीरे की ज्वेलरी, महंगे घोड़े और बिल्लियां शामिल थीं। इस वजह से ED ने जैकलीन को भी इस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया था।

> सुकेश ने अपने मैसेज में यह भी कहा कि तुम मेरी हो और मैं तुम्हारा हमेशा रहूंगा। उसने जैकलीन के लिए यह भी लिखा कि वह उन्हें बहुत याद करता है और यह रिश्ता उसके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। लेटर के अंत में उसने जेएफएस फॉरएवर लिखते हुए खुद को बेबी बॉय बताया।

### धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में जेल में है सुकेश

सुकेश चंद्रशेखर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में जेल में बंद है। सुकेश ने जेल से जैकलीन को अब तक एक दर्जन से अधिक लेटर भेजे हैं। वह लगभग हर खास मौके जैसे होली, ईस्टर, क्रिसमस, वैलेंटाइन डे, महिला दिवस और जन्मदिन पर लेटर लिखता रहा है।



## 'हमजा' की मुरीद हुईं धुरंधरकी 'यलीना'

नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस को हिलाने वाली फिल्म 'धुरंधर 2' वो फिल्म बन गई है, जिसे सिनेमा हमेशा याद रखेगा। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह ने वो कमाल दिखाया है, जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की थी। हर तरफ रणवीर की तारीफें हो रही हैं और अब लीजिए रणवीर सिंह की तारीफों में जुटी हैं उनकी को-स्टार सारा अर्जुन।

'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता के बाद हर तरफ रणवीर को सराहना मिल रही है। वहीं फिल्म में रणवीर के साथ सारा अर्जुन की कैमिस्ट्री खूब पसंद की गई है। हाल ही में धुरंधर में रणवीर (Ranveer Singh) पत्नी यालिना जमाली का किरदार निभाने वाली सारा अर्जुन (Sara Arjun) ने उनकी खूब तारीफें की हैं। सारा ने कहा है कि रणवीर कमाल के एक्टर हैं और को-



एक्टर के रूप में तो उन्हें कोई पीछे नहीं छोड़ पाएगा। एक मैग्जीन को दिए इंटरव्यू में सारा ने कहा कि,'कोई भी कभी रणवीर सिंह को को-एक्टर के रूप में पीछे नहीं छोड़ पाएगा। वह सच में मानते हैं कि यह सिर्फ उनकी फिल्म नहीं है, बल्कि सबकी फिल्म है और वह सिर्फ कलाकारों के साथ ही नहीं, बल्कि टेक्नीशियन, स्पॉट बॉयज और हर क्रू मेंबर के साथ भी उतनी ही गर्मजोशी और सम्मान से पेश आते हैं। वह कभी भी अपने सीनियर होने का फायदा नहीं उठाते हैं।'

## कहा- यह सिर्फ परिवार ही नहीं, पूरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए नुकसान है

# एक्ट्रेस दिव्यांका सिरोही का निधन एआईसीडब्ल्यूए ने दुख जताया

नई दिल्ली। ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने हरियाणवी एक्ट्रेस और डांसर दिव्यांका सिरोही के निधन पर दुख जताया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर AICWA ने लिखा, 'हम 30 साल की उम्र में दिव्यांका सिरोही के अचानक निधन की खबर से बेहद दुखी हैं। यह सिर्फ उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए बड़ा नुकसान है।'

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'दिव्यांका ने हरियाणा फिल्म इंडस्ट्री में अपनी मेहनत, टैलेंट और जुनून से खास पहचान बनाई थी। जब कोई कलाकार हमें छोड़कर जाता है, तो उसका दर्द बाकी कलाकार गहराई से महसूस करते हैं क्योंकि एक कलाकार ही दूसरे कलाकार के संघर्ष, सपने और भावनाओं को समझ सकता है। दिव्यांका को बचपन से ही एक्टिंग और डांसिंग का शौक रहा है। 2019 में दिवाली के दौरान, उन्होंने नीले सूट में पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा के गाने मेरी मम्मी नू पसंद नहीं तू पर परफॉर्म करते हुए एक वीडियो शूट किया। यह वीडियो बहुत वायरल हुआ और इसे लगभग 20 मिलियन व्यूज मिले थे। इसके बाद उनके टिकटॉक पर 5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए थे।



### गाजियाबाद में अचानक बिगड़ी तबीयत

मंगलवार देर रात यूपी के गाजियाबाद स्थित घर पर दिव्यांका की तबीयत बिगड़ गई थी। वह चक्कर खाकर जमीन पर गिरीं, जिसमें उनके सिर पर गहरी चोट लगी।

परिवार के लोग उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह गाजियाबाद में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

दिव्यांका 50 से ज्यादा हरियाणवी गानों में काम कर चुकी थीं। उन्होंने मासूम शर्मा, अमित सैनी रोहतकिया, केडी के साथ भी काम किया।

### यूपी के गाजियाबाद में रह रहा परिवार

दिव्यांका सिरोही का जन्म 19 नवंबर 1996 को बुलंदशहर में हुआ था। परिवार गाजियाबाद में रह रहा है। उन्होंने मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी से B.Com और सिक्किम से MBA किया था। फिर गुरुग्राम से B.Ed किया। दिव्यांका के दो भाई हिमांशु, दीपांशु और बहन जसमीत हैं। पिता गजेंद्र ट्रांसपोर्टर हैं और मां अनीता हाउस वाइफ हैं।



> एसोसिएशन ने पोस्ट के अंत में लिखा, 'इस मुश्किल समय में हम उनके परिवार और अपनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। भगवान उन्हें इस दुख को सहने की ताकत दे और दिव्यांका की आत्मा को शांति मिले। आप हमेशा याद रहेंगी। अलविदा, दिव्यांका सिरोही।'

# ईरान जंग के बीच परमाणु विभाग के साइंटिस्ट भी सस्पेंड, हनी ट्रैप में फंसे थे

# ट्रम्प ने आर्मी के बाद नौसेना चीफ को बर्खास्त किया

**फैसला**



अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को 2 अप्रैल को हटा दिया गया। रैंडी का पद साल 2027 में समाप्त होने वाला था।

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है।

इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था।

यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है।

दरअसल, अमेरिका अपनी नौसेना को मजबूत करने के लिए नए युद्धपोत, पनडुब्बियां और सपोर्ट जहाज तेजी से बनाना चाहता है। इसके लिए बड़े स्तर पर शिपबिल्डिंग सुधार शुरू किए गए थे, जैसे नए जहाजों के डिजाइन को तेज करना, निर्माण प्रक्रिया को आधुनिक बनाना और प्राइवेट शिपयार्ड के साथ तालमेल बेहतर करना।

इन योजनाओं में कई दिक्कतें आ रही थीं। जहाजों के बनने में देरी हो रही थी, कई प्रोजेक्ट तय समय से काफी पीछे चल रहे थे। लागत भी लगातार बढ़ रही थी, यानी बजट से ज्यादा खर्च हो रहा था। हेगसेथ का मानना था कि जरूरी सैन्य सुधारों को लागू करने में फेलन काफी धीमे हैं। उनके जाने के बाद वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर ला नेव कार्यवाहक आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभालेंगे।



## ट्रम्प से सीधे संपर्क करने से भी नाराजगी बढ़ी

वहीं, फेलन का सीधे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संपर्क करना भी विवाद की वजह बना। दरअसल फेलन सीधे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संपर्क कर रहे थे, जबकि आम तौर पर ऐसा नहीं किया जाता।

अमेरिकी सेना में एक तय कमांड चेन होती है। यानी फैसले और जानकारी नीचे से ऊपर एक तय क्रम में जाती है। जैसे नौसेना के अधिकारी पहले अपने सीनियर को रिपोर्ट करते हैं, फिर रक्षा मंत्रालय के जरिए बात राष्ट्रपति तक पहुंचती है। लेकिन आरोप था कि फेलन ने इस तय व्यवस्था को नजरअंदाज करते हुए सीधे राष्ट्रपति से बात की या अपने मुद्दे रखे। इससे हेगसेथ नाराज हो गए थे।

## रक्षा मंत्री से तालमेल नहीं बना सके

पेंटागन की तरफ से छोटा सा बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई, लेकिन हटाए जाने की स्पष्ट वजह नहीं बताई गई। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से फेलन और पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व के बीच लगातार मतभेद चल रहे थे। खासकर नौसेना के जहाज निर्माण कार्यक्रम, काम करने के तरीके और नेतृत्व को लेकर उनके और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच टकराव बढ़ता जा रहा था।

# डेनमार्क में दो ट्रेनों की भीषण टक्कर, 17 लोग घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में गुरुवार की सुबह दो ट्रेनों की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 17 लोगों के घायल होने की खबर है, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। इमरजेंसी सर्विस ने इसकी पुष्टि की है।

दुर्घटना हिल्लेरोड और कागेरुप को जोड़ने वाली ट्रेन लाइन पर हुई। दोनों ट्रेनें पीली और ग्रे रंग की थीं, जिनके आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटनास्थल पर रेस्क्यू टीमों ने अंदरूनी हालात को अराजक बताया।

पुलिस के अनुसार, ट्रेनों की टक्कर स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 6:30 बजे हुई। उस समय दोनों ट्रेनों में कुल 38 यात्री सवार थे। अग्निशमन और बचाव सेवा के प्रमुख क्रिस्टोफर बुहल मार्टेकिल्डे ने बताया कि दोनों ट्रेनों की आमने-सामने टक्कर हुई, जिससे बड़ी क्षति हुई और कांच के टुकड़े चारों तरफ बिखर गए।



घटना एक जंगली क्षेत्र में हुई, जहां दोनों ट्रेनें एक-दूसरे के सामने खड़ी दिखाई दीं। रेस्क्यू टीमों ने तुरंत कार्रवाई की और सभी यात्रियों को ट्रेनों से बाहर निकाल लिया। किसी भी यात्री के ट्रेन में फंसे होने की खबर नहीं है। घायलों को एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया।

कुल 17 लोग घायल हुए है जिसमें से 5 की हालत गंभीर है। बाकी घायलों की चोटें हल्की बताई जा रही हैं। सभी घायलों को घटनास्थल से रेस्क्यू कर लिया गया है और इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# ट्रम्प ने भारत को नरक का द्वार बताया

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और चीन को हेल होल (नरक का द्वार) बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक चिट्ठी पोस्ट की है, जिसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना करके भारत-चीन समेत कई देशों पर विवादित टिप्पणी की

इस पत्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के टेक सेक्टर में भारत और चीन के लोगों के दबदबे का दावा किया। उन्होंने कहा-जन्म के आधार पर नागरिकता से प्रवासी अपने बच्चों को नागरिकता दिलाते हैं। फिर पूरा परिवार अमेरिका आ जाता है। इस मुद्दे का फैसला अदालतों या वकीलों से नहीं, बल्कि देशव्यापी वोटिंग से होना चाहिए। एक सोशल मीडिया सर्वे (पोल) में ज्यादातर लोगों ने यह राय दी कि जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को सीमित करना चाहिए। उन्होंने यह भी इशारा किया कि उन्हें अदालतों और कानूनी संस्थाओं पर भरोसा नहीं है कि वे इस मुद्दे पर सही फैसला लें। दुनिया में दो तरह से बच्चों को नागरिकता मिलती है। पहला- राइट ऑफ सॉइल यानी कि बच्चे का जहां जन्म हुआ हो, वह अपने आप वहां का नागरिक बन जाता है। दूसरा- राइट ऑफ ब्लड यानी कि बच्चे के मां-बाप जहां के नागरिक हों, बच्चे वहीं के नागरिक माने जाएंगे। अमेरिका में जन्म के आधार पर नागरिकता (राइट ऑफ सॉइल) मिलती है। 1865 में गृहयुद्ध खत्म होने के बाद, जुलाई 1868 में संसद में 14वें संशोधन को मंजूरी दी गई थी। इसमें कहा गया था कि देश में पैदा हुए सभी अमेरिकी नागरिक हैं। इस संशोधन का मकसद गुलामी के शिकार अश्वेत लोगों को अमेरिकी नागरिकता देना था। हालांकि, इस संशोधन की व्याख्या इस प्रकार की गई है कि इसमें अमेरिका में जन्में सभी बच्चों को शामिल किया जाएगा, चाहे उनके माता-पिता का इमिग्रेशन स्टेट्स कुछ भी हो।




# बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल का हार्ट अटैक से निधन

**दुःखद : चेन्नई में ली अंतिम सांस, पत्नी के ऑपरेशन के लिए परिवार के साथ गए थे**

**बीकानेर, एजेंसी**

बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल (74) का गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वे अपनी पत्नी के ऑपरेशन के सिलसिले में चेन्नई में थे। गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, उनकी पत्नी का हाल ही में हार्ट बायपास का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। इसी कारण शिवरतन अग्रवाल परिवार सहित वहां के एक होटल में ठहरे हुए थे। बीकानेर के सार्दुलगंज के रहने वाले शिवरतन 10 दिन पहले परिवार के साथ चेन्नई गए थे।




बिजनेस के बंटवारे के बाद शिवरतन अग्रवाल ने अपने खानदानी बिजनेस 'हल्दी राम' से अलग होकर खुद का बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचा। अपनी अलग पहचान बनाने की जिद के साथ शिवरतन अग्रवाल बीकानेर पहुंच गए।यहां उन्होंने 'शिवदीप फूड्स प्रोड्क्ट्स' के नाम से भुजिया बनाने का बिजनेस शुरू किया। इसके साथ ही भारतीय स्नैक मार्केट की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक बीकाजी ब्रांड की शुरुआत हुई। शिव रतन चाहते थे कि असली भारतीय टेस्ट को पूरी दुनिया में पहचान मिले। उन्हें लगा कि ब्रांड का नाम ऐसा हो जो सभी को आसानी से याद हो जाए और एक यूनीक पहचान भी दे। यह नाम बीकानेर शहर के संस्थापक राव बीका के नाम पर है। बीकानेर शहर का नाम भी राव बीका के नाम पर ही रखा गया था। शिवरतन अग्रवाल ने केवल 8वीं तक पढ़ाई की है। उन्होंने अपने क्रिएटिव विजन से बीकाजी को एक ब्रांड बनाया। जब वे अपने बिजनेस की शुरुआत कर रहे थे तो उन्होंने कई देशों की यात्रा की।

दरअसल, उस समय तक भुजिया केवल हाथों से ही बनाई जाती थी। किसी ने सोचा भी नहीं था कि इस इंडियन स्नैक को मशीनों से भी बनाया जा सकता है। मगर शिवरतन ने मशीन से भुजिया बनाने का सेट-अप बनाया।

बीकाजी भारत का पहला ऐसा ब्रांड बना जिसने मशीन से भुजिया बनाई। इससे बीकाजी की प्रोडक्टिविटी और क्वालिटी दोनों बढ़ी। बीकाजी के प्रोडक्ट्स की मेकिंग से लेकर पैकिंग तक हर काम मशीन से होने लगा।

## ईरान की धमकी, निशाने पर समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव अब समुद्र के नीचे बीछे इंटरनेट के केबलों तक पहुंच गया है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) से जुड़ी समाचार एजेंसी 'तसनीम' की हालिया रिपोर्ट में फारस की खाड़ी के नीचे बिछे इंटरनेट केबलों और महत्वपूर्ण क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तृत मानचित्रण (Mapping) किया गया है। समाचार एजेंसी तसनीम की इस रिपोर्ट में होर्मुज स्ट्रेट को न सिर्फ तेल और गैस के लिए, बल्कि यूएई, कतर, बहरीन और सऊदी अरब जैसे देशों को जोड़ने वाली संचार प्रणालियों के लिए भी एक 'क्रिटिकल चोकपॉइंट' बताया गया है। ईरान की इस चेतावनी से खतरा और भी बढ़ जाता है, हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरानी ड्रोन हमलों ने यूएई और बहरीन में अमेजन वेब सर्विसेज की सुविधाओं को निशाना बनाया, जिससे फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक क्लाउड बुनियादी ढांचे की भौतिक भेद्यता उजागर हुई।

# पेट्रोल-डीजल 28 महंगा होने की खबरें गलत

## सरकार बोली- दाम बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25-28 प्रति लीटर बढ़ोतरी की खबरों को सरकार ने गलत बताया है। आज यानी 23 अप्रैल को पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने कहा कि दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। ये खबरें भ्रामक हैं और डर फैलाने के लिए फैलाई जा रही हैं।

एक दिन पहले कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के खत्म होने के बाद पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है। यह अनुमान क्रूड ऑयल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल पर आधारित था।

CNBC-TV18 की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी तेल कंपनियां हर महीने करीब 27,000 करोड़ रुपए का नुकसान झेल रही हैं। कच्चे तेल की खरीद और पेट्रोल-डीजल की बिक्री के बीच बढ़ते अंतर के कारण कंपनियों के लिए मौजूदा कीमतों को बनाए रखना मुश्किल हो गया है।



सरकारी बयान में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा बड़ा देश है, जहां पिछले 4 साल में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में घरेलू कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। ईंधन महंगा होने का असर सिर्फ पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता।

# इजरायली हमले में लेबनानी पत्रकार अमल खलील की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध की रिपोर्टिंग के दौरान बुधवार को 43 साल की लेबनानी पत्रकार अमल खलील की मौत होने की पुष्टि की गई है। इस मौत के बाद लेबनान में जान गंवाने वाले पत्रकारों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। एक वरिष्ठ लेबनानी सैन्य अधिकारी और खलील के एम्प्लॉयर, अल-अखबार के अनुसार, दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हमलों के कारण अमल खलील की जान गई।

इसके साथ ही खलील के साथ मौजूद एक फोटोग्राफर भी हमले में घायल हो गया। वहीं, खलील की मौत पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। इससे पहले, इजरायली सेना ने एक बयान में कहा था कि उसे रिपोर्ट मिली है कि उसके हमलों के परिणामस्वरूप दो पत्रकार घायल हुए हैं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय, वरिष्ठ लेबनानी सैन्य अधिकारी और




प्रेस समर्थकों ने बताया कि खलील और फ्रीलांस फोटोग्राफर जैनब फराज अल-तयरी शहर के पास की घटनाओं को कवर कर रहे थे, तभी उनके आगे चल रहे वाहन पर इजरायली हमला हुआ। वे पास के एक घर में भागे, जिसे बाद में इजरायली हमले का निशाना बनाया गया। लेबनान में पत्रकारों के संघ का संचालन करने वाली एल्सी मौफरेज के अनुसार, लेबनानी बचाव कर्मी फराज को निकालने में सफल रहे, जिनके सिर में चोट लगी थी। मौफरेज और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि जब बचाव कर्मी खलील की मदद के लिए लौटे, तो इजरायली सेना ने एक साउंड ग्रेनेड गिरा दिया, जिससे क्षतिग्रस्त इमारत तक उनकी पहुंच बाधित हो गई।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**